सूर्योदय : 06.26 बजे
सूर्यास्त : 05.34 बजे
रविवार, 05 मार्च 2023
वर्ष-3-अंक 89
मूल्य 2 पृष्ठ 8
e-mail: aknewstv2@gmail.com
RNI TITLE CODE : UPHIN49345

हिन्दी दैनिक
# अमर ख्याल
जुनून सच का
(महमूदाबाद) सीतापुर से प्रकाशित



## पंजाब में कानून-व्यवस्था चरमराई, सो रही राज्य सरकार : अनुराग ठाकुर

■ रूपनगर

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शनिवार को पंजाब में आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि एक सरकार बनने के बाद राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है और उसे जागकर कुछ कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने पिछले महीने अजनाला में हुई घटना की पृष्ठभूमि में यह टिप्पणी की, जिसमें स्वयंभू सिख उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और उसके साथी अपने एक सहयोगी की रिहाई के लिए तलवार और बंदूकें लेकर पुलिस से भिड़ गए थे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ठाकुर ने आप या राष्ट्रीय राजधानी की उसकी सरकार का नाम लिए बिना कहा कि दिल्ली में वे कहते हैं कि पुलिस को उन्हें सौंप दिया जाना चाहिए, उन्होंने (यहां पंजाब में) पुलिस का क्या कर दिया है।
युवा उत्सव-इंडियाए2047 की शुरुआत करने यहां आए ठाकुर ने संवाददाताओं से कहा कि पिछले एक साल में राज्य में कानून व्यवस्था चरमरा गई है। पिछले एक साल में पंजाब के हालात क्या हो गए हैं? जो घटनाएं यहां हुई हैं, वे क्या संकेत देती हैं?

## महाराष्ट्र हाइवे पर लगेंगे विश्व के पहले बांस के क्रैश बैरियर



एजेंसी ■ नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में चंद्रपुर और यवतमाल जिलों को जोड़ने वाले एक राजमार्ग पर 200 मीटर लंबा बांस का क्रैश बैरियर लगाया गया है। गडकरी ने इसे दुनिया की पहली ऐसी कवायद करार दिया।गडकरी ने इसे देश और इसके बांस क्षेत्र के लिए एक ̔उल्लेखनीय उपलब्धि̔ बताते हुए कहा कि यह क्रैश बैरियर स्टील का एक सही विकल्प प्रदान करता है और पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर करता है।गडकरी ने एक ट्वीट में कहा, दुनिया के पहले 200 मीटर लंबे बांस के क्रैश बैरियर के निर्माण के साथ ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक असाधारण उपलब्धि हासिल की गई है, जिसे वाणी-वरोरा राजमार्ग पर लगाया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि इस बांस के क्रैश बैरियर को ̔बहू बल्ली̔ नाम दिया गया है। क्रैश बैरियर राजमार्ग के किनारे लगाए जाते हैं और किसी तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होकर इनसे टकराने पर ए वाहन को सड़क ने नीचे जाने से रोक देते हैं और इससे उक्त वाहन की गति भी कम हो जाती है।
मंत्री ने एक अन्य ट्वीट में कहा, इंदौर के पीतमपुर में नेशनल ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक्स (एनएटीआरएएक्स) जैसे विभिन्न सरकारी संस्थानों में इसका कठोर परीक्षण किया गया और रुड़की में केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई) में आयोजित अग्नि रेटिंग जांच के दौरान इसे श्रेणी एक का दर्जा दिया गया। इसके अतिरिक्त, इसे इंडियन रोड कांग्रेस द्वारा भी मान्यता दी गई है। गडकरी ने कहा कि बांस बैरियर का पुनर्चक्रण मूल्य 50-70 प्रतिशत है, जबकि स्टील बैरियर का 30-50 प्रतिशत है।उन्होंने कहा, इस बैरियर को बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली बांस की प्रजाति बंबूसा बालकोआ है, जिसे क्रेओसोट तेल से उपचारित किया गया है और पुनर्चक्रित हाई-डेंसिटी पॉली एथिलीन (एचडीपीई) के साथ लेपित किया गया है। यह उपलब्धि बांस क्षेत्र और पूरे भारत के लिए उल्लेखनीय है, क्योंकि यह क्रैश बैरियर स्टील का एक सही विकल्प प्रदान करता है और पर्यावरण संबंधी चिंताओं और उनके परिणामों को संबोधित करता है।

## देशभर में बदलाव की बयार चल रही है: शरद पवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव में पुणे शहर की कसबा पेठ सीट पर कांग्रेस के हाथों भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हार पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार ने कहा कि यह घटनाक्रम दर्शाता है कि देशभर में बदलाव की बयार चल रही है। पूर्व केंद्रीय मंत्री पवार ने पुणे जिले में अपने गृह नगर बारामती में पत्रकारों से यह बात कही।उन्होंने कहा, कस्बा पेठ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की हार साबित करती है कि लोग एक विकल्प पर विचार कर रहे हैं। देशभर में बदलाव की बयार चल रही हैं।



बृहस्पतिवार को घोषित चुनाव परिणाम में, भाजपा लगभग तीन दशक से अपना गढ़ रही कसबा पेठ विधानसभा सीट पर कब्जा बरकरार रखने में नाकाम रही। इस सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर ने दिलचस्प मुकाबले में भाजपा के हेमंत रसाने को हरा दिया। यह सीट सत्तारूढ़ गठबंधन और विपक्षी महा विकास आघाड़ी (एमवीए) के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई बन गई थी।

## कश्मीर से बाहर स्थानांतरण की मांग वाली हड़ताल स्थगित

एजेंसी ■ जम्मू

केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों द्वारा लक्षित हत्याओं के मद्देनजर कश्मीर घाटी के बाहर स्थानांतरित करने की मांग कर रहे कश्मीरी पंडित सरकारी कर्मचारियों ने अपनी 310 दिनों लंबी हड़ताल को यह कहते हुए स्थगित कर दिया कि वे आत्मसमर्पण कर रहे हैं क्योंकि अधिकारियों ने उनका वेतन रोक दिया है। प्रदर्शनकारियों में प्रधानमंत्री रोजगार पैकेज के तहत विभिन्न सरकारी विभागों में काम करने वाले कश्मीरी पंडित शामिल थे।ऑल माइग्रेंट (डिस्पलेज्ड) एम्पलाइज एसोसिएशन (एएमईएके) से जुड़े प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने न तो हमारी मांगों को स्वीकार किया है और न ही खारिज किया है, लेकिन विरोध प्रदर्शन को स्थगित करना पड़ा क्योंकि वेतन रोकने से हम आर्थिक रूप से परेशान हो रहे हैं। पिछले साल मई में, आतंकवादियों द्वारा अपने सहयोगियों राहुल भट और रजनी बाला की हत्या के बाद कई लोग केंद्र शासित प्रदेश के कश्मीर प्रभाग से जम्मू चले गए थे। कर्मचारियों ने कहा कि एएमईएके की कोर समिति कश्मीर घाटी में अपनी ड्यूटी फिर से शुरू करने पर निर्णय लेने के लिए बैठक करेगी।हमने सर्वसम्मति से चल रहे आंदोलन को स्थगित करने का फैसला किया है।

## मेघालय: भाजपा गठबंधन का समर्थन करने वाले विधायक के दफ्तर में लगाई आग

एजेंसी ■ शिलांग

मेघालय में एनपीपी-भाजपा गठबंधन का समर्थन करने वाले एचएसपीडीपी के विधायक मेथोडियस डखार के शिलांग स्थित कार्यालय को कथित रूप से उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आग लगा दी। एनपीपी के वरिष्ठ नेता प्रेस्टोन तिनसोंग ने शनिवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि कोनराड के. संगमा के नेतृत्व में राज्य में फिर से सरकार बनाने का दावा पेश करने वाली एनपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन देने की घोषणा डखार और उनकी पार्टी के एक अन्य विधायक शक्लियार वरजरी ने शुक्रवार को की थी। एनपीपी नेता व निवर्तमान उपमुख्यमंत्री तिनसोंग ने पीटीआई-भाषा को बताया कि हिल स्टेट पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (एचएसपीडीपी) के गुस्से से भरे समर्थक शुक्रवार की रात शहर के लाइतुमखराह इलाके में स्थित दखार के दफ्तर पहुंचे और उसे आग लगा दिया।उन्होंने बताया, दमकल कर्मी समय रहते मौके पर पहुंचे और आग बुझाई।एचएसपीडीपी ने तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के साथ गठबंधन करने का फैसला लिया है, लेकिन उसके दो विधायकों ने एनपीपी-भाजपा गठबंधन को समर्थन की घोषणा कर दी।तिनसोंग ने कहा कि ऐसी घटनाओं में शामिल लोगों को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने हिन्नीएवट्रेप इंटेग्रेटेड टेरिटोरियल ऑर्गेनाइजेशन (एचआईटीओ) और हिन्नीएवट्रेप यूथ काउंसिल (एचवाईसी) को इसके लिए जिम्मेदार बताया।

## कैंब्रिज में राहुल की टिप्पणी का कांग्रेस ने किया बचाव

■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कैमब्रिज विश्वविद्यालय में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की टिप्पणियों पर उनकी आलोचना को लेकर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पलटवार करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल के बयान या तो अज्ञानता से या पूरी तरह से भ्रामक राजनीति से उपजे हैं और दोनों का ही लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। विश्वविद्यालय में गांधी ने टिप्पणी की थी कि भारतीय लोकतंत्र पर हमला हो रहा है और उनके (राहुल) समेत कई राजनीतिक नेताओं की निगरानी की जा रही है। इस टिप्पणी को लेकर कांग्रेस का भाजपा से वाक युद्ध छिड़ गया और सत्तारूढ़ दल ने विपक्षी नेता पर विदेशी धरती पर भारत को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इसके बाद कांग्रेस ने पलटवार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उन बयानों का हवाला दिया जब उन्होंने विदेश में आंतरिक राजनीति से जुड़े मुद्दे उठाए थे।
अखिल भारतीय कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि गांधी भारतीय राजनीति के एक प्रमुख सदस्य हैं और पहले सत्तारूढ़ दल में और फिर विपक्ष में रहते हुए उन्होंने आम जनता की आवाज़ बुलंद की है। श्रीनेत ने कहा कि गांधी चार बार के चुने हुए सांसद हैं और जब वह कैम्ब्रिज में एक ऐसी दुनिया के बारे में बोलते हैं जो तनाव से ग्रस्त है और उस दुनिया में भारत क्या अहम भूमिका निभा सकता है तो वह वास्तव में भारतीय लोकतंत्र को सराहते हैं। उन्होंने कहा, वह (गांधी) उन मूल्यों के ध्वजवाहक हैं जिनपर राष्ट्र का निर्माण हुआ है। जब वह महात्मा गांधी और हमारे संविधान के मूल्यों और हमारे देश



की नींव के बारे में बात करते हैं तो वह असल में भारत का मान बढ़ाते हैं। मुझे समझ नहीं आ रहा है कि यह कहां से उपजा है, लेकिन (उनकी टिप्पणी पर) भाजपा का विरोध या तो अज्ञानता है या पूरी तरह से भ्रामक राजनीति है और दोनों का लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है।
श्रीनेत ने कहा कि भाजपा गांधी पर दो आधार पर हमले कर रही कि वह विदेशी धरती पर बोले और पेगासेस के बारे में बोले और उनके हमले खोखले हैं, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी विदेशी धरती पर इससे भी आगे गए हैं और उन्होंने अन्य देशों की यात्रा के दौरान सार्वजनिक तौर पर ऐसी बातें की जो नहीं करनी चाहिए तथा भारत की राजनीतिक व्यवस्था, राजनीति विपक्ष पर बेबुनियाद आरोप लगाए। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया, शंघाई की यात्रा के दौरान तो वह (मोदी) इस हद तक गए और कहा कि इस देश के लोग कोसते हैं कि वे भारत में क्यों पैदा हुए।
उन्होंने गांधी के इस आरोप का भी बचाव किया कि उनकी और विपक्ष के अन्य नेताओं की निगरानी की जाती है। श्रीनेत ने कहा कि पेगासेस तथ्यान्वेषी समिति ने अदालत को बताया था कि सरकार ने उसके साथ सहयोग नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया के एक हिस्से ने पुलवामा और चीन पर गांधी के बयान को संदर्भ से अलग कर पेश किया। श्रीनेत ने सवाल किया कि कोई यह कैसे कह सकता है कि गांधी ने इसे (पुलवामा को) आतंकी हमला नहीं कहा।
प्रवक्ता ने कहा, उन्होंने (गांधी) ने एक तस्वीर दिखाई और कहा कि यह मैं हूं जो घटनास्थल पर पुष्पांजलि कर रहा हूं जहां करीब 40 जवानों की एक कार के जरिए धमाका कर जान ली गई थी।

## शेखावत द्वारा मानहानि का मामला दायर करने के कदम का स्वागत करूंगा : गहलोत

■ जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शनिवार को कहा कि वह संजीवनी सहकारी समिति घोटाले के संबंध में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत द्वारा उनके (गहलोत) खिलाफ मानहानि का मामला दायर करने के कदम का स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि इससे यह मुद्दा कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर तो लाया जा सकेगा। उन्होंने शेखावत के खिलाफ अपने आरोपों को बरकरार रखते हुए कहा कि वह घोटाले और मामले के आरोपी हैं और एक मंत्री होने के नाते उन्हें इस पर शर्म आनी चाहिए।
गहलोत से जब शेखावत द्वारा दिल्ली में मानहानि का मामला दायर करने की योजना के बारे में सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं इसका स्वागत करूंगा। इससे मामले में तेजी आएगी और इससे उन पीड़ितों को मदद मिलेगी, जिन्होंने घोटाले में पैसा गंवाया है।
उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मामले में सहयोग करने को तैयार है।गहलोत ने कहा कि अगर शेखावत द्वारा उनके खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया जाता है, तो इससे अंततः पीड़ितों को मदद मिलेगी क्योंकि घोटाले का मामला एक राष्ट्रीय मुद्दा बन जाएगा।इस तरह का घोटाला करने वाला केंद्रीय कैबिनेट में मंत्री है।
मुख्यमंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि यह मामला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के संज्ञान में आए।

## कांग्रेस में आपसी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है : वसुंधरा

■ जयपुर



राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को राजस्थान में सत्ताधारी पार्टी कांग्रेस में चल रही सियासी खींचतान पर निशाना साधते हुए कहा कांग्रेस में जारी आपसी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है। राजे ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच चल रही खींचतान पर तंज कसते हुए कहा, एक-दूसरे को चोट पहुंचाने में इन्होंने कमी नहीं छोड़ी। पूरे चार साल एक-दूसरे को पछाड़ने में लगा दिए, लेकिन किसने किसको पछाड़ा.. यह मेरा विषय नहीं है। इनकी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है। सालासर में अपने जन्मदिन के अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए राजे ने भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, गैंगवार और दलित प्रताड़ना पर सरकार को घेरते हुए कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया है और बिना पैसे के कोई काम नहीं होता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अवैध खनन राजस्थान में दूर तक फैला हुआ है और करोड़ों रुपए खाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, आप आंकड़े उठाकर देख लीजिए कि राजस्थान के अंदर कितना भ्रष्टाचार है, पूरे देश के अंदर अगर कोई राज्य शीर्ष पर है तो वह है राजस्थान। राजे ने कहा कि प्रदेश में लूटपाट, दुष्कर्म, दलित अत्याचार, डकैती, धार्मिक उन्माद और गैंगवार की घटनाएं आम हैं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों के अपराधियों ने भी राजस्थान को अपना अड्डा बना लिया है।

## एनपीपी के डी शिरा ने मेघालय विधानसभा के प्रोटेम स्पीकर के तौर पर शपथ ली

**शिलांग।** नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के वरिष्ठ विधायक टिमोथी डी शिरा को मेघालय विधानसभा के अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) के रूप में शनिवार को शपथ दिलाई गई।
रेसुबेलपाड़ा से विधायक शिरा को राज्यपाल फागू चौहान ने राजभवन में निवर्तमान मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा और एनपीपी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। संगमा ने शुक्रवार को 32 विधायकों के समर्थन के साथ राज्य में अगली सरकार बनाने का दावा पेश किया था।

## कसबा पेठ उपचुनाव झांकी है, महाराष्ट्र बाकी है : संजय राउत


एजेंसी ■ पुणे

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि कसबा पेठ उपचुनाव में महा विकास आघाड़ी की जीत सिर्फ एक झांकी है और एमवीए सहयोगी अगर एकजुट होकर चुनाव लड़ें, तो अगले साल महाराष्ट्र में 200 से अधिक विधानसभा और 40 लोकसभा सीट जीत सकते हैं। एमवीए में राउत की पार्टी के अलावा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और कांग्रेस शामिल हैं। महाराष्ट्र में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। उसी साल लोकसभा चुनाव भी होंगे। राज्यसभा सदस्य राउत ने पुणे में यह बात कही, जहां उन्होंने लगभग तीन दशक से भाजपा का गढ़ रहे कसबा पेठ में पार्टी के हेमंत रसाने को हराने वाले नवनिर्वाचित कांग्रेस विधायक रवींद्र धंगेकर से मुलाकात की।राउत ने पत्रकारों से कहा, कसबा पेठ के समझदार मतदाताओं ने सत्ताधारी पार्टी को करारा झटका दिया है। उन्होंने यहां मतदाताओं को खरीदने की कोशिश की, लेकिन ऐसा करने में असफल रहे। कसबा झांकी है, महाराष्ट्र बाकी है।

## कर्नाटक में केजरीवाल ने भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के लिए आप को मौका देने की अपील की

एजेंसी ■ दावणगेरे

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कर्नाटक के लोगों से आम आदमी पार्टी (आप) को पांच साल के लिए भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का मौका देने की अपील की। केजरीवाल ने राज्य के लोगों के लिए मुफ्त बिजली, सरकारी स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अच्छी स्वास्थ्य सेवा देने का भी वादा किया। कर्नाटक में अपनी पहली चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आप प्रमुख केजरीवाल ने कहा कि पार्टी में भ्रष्टाचार के लिए बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करने की नीति है और पार्टी शासित पंजाब में एक मंत्री और एक विधायक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कर्नाटक में सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने आरोप लगाया कि राज्य में 40 फीसद कमीशन की सरकार चल रही है। इस संदर्भ में उन्होंने चन्नागिरि से भाजपा विधायक मदल विरुपाक्षप्पा के पुत्र प्रशांत कुमार एमवी से 8.23 करोड़ रुपए की बिना हिसाब की नकदी की बरामदगी का उल्लेख किया। हाल ही में, अमित शाह ने लोगों से आगामी विधानसभा चुनाव में पूर्ण बहुमत देने की अपील की, ताकि राज्य में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार स्थापित हो सके। फिर, किसी ने उन्हें याद दिलाया कि राज्य में पहले से ही भाजपा सरकार है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि आप पिछले चार साल में भ्रष्टाचार को खत्म क्यों नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि अमित शाह के दिल्ली लौटने के अगले ही दिन भाजपा के एक विधायक के बेटे को करोड़ों की बिना हिसाब की नकदी के साथ पकड़ा गया।



कांग्रेस का आरोप

## सरकार ने अडाणी समूह को एकाधिकार दिया और उपभोक्ताओं के शोषण की छूट दी

■ नई दिल्ली

कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि सरकार ने अडाणी समूह को एकाधिकार दे दिया है, जिससे वे उन उपभोक्ताओं का शोषण कर रहे हैं, जिन्हें हवाई अड्डे और बिजली जैसी बुनियादी ढांचागत सेवाओं का इस्तेमाल करने की आवश्यकता है।
विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अडाणी मुद्दे पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की लगातार मांग करने का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शर्मिंदा करना नहीं बल्कि इसका उद्देश्य प्रकरण के सभी आयामों को उजागर करना है।
कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पार्टी की हम अडाणी के हैं कौन श्रृंखला के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तीन सवाल पूछते हुए कहा कि इन सवालों का मकसद इस ओर ध्यान केंद्रित करना है कि कैसे अडाणी समूह को एकाधिकार दिया गया, जिससे उन उपभोक्ताओं के शोषण की छूट मिली, जिन्हें हवाई अड्डों और बिजली जैसी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का उपयोग करने की आवश्यकता है।
उल्लेखनीय है कि वित्तीय शोध कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च ने अडाणी समूह के खिलाफ फर्जी तरीके से लेनदेन और शेयर की कीमतों में हेरफेर सहित कई आरोप लगाए थे। अडाणी समूह ने इन आरोपों को झूठा करार देते हुए कहा था कि उसने सभी कानूनों और प्रावधानों का पालन किया है।
प्रधानमंत्री को संबोधित अपने बयान में कांग्रेस नेता रमेश ने दावा किया कि लखनऊमें अडाणी द्वारा संचालित चौधरी चरण सिंह अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डे ने यात्रियों द्वारा भुगतान किए जाने वाले उपयोगकर्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) में अत्यधिक वृद्धि का प्रस्ताव दिया है, जो देश के 11वें सबसे व्यस्त हवाई अड्डे में शुमार है। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया, यदि हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) द्वारा इस शुल्क को मंजूरी दी जाती है, तो वित्तीय वर्ष 2025-26 तक उपयोगकर्ता शुल्क घरेलू यात्रियों के लिए 192 रुपए से बढ़कर।,025 रुपए और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 561 रुपए से 2,756 रुपए हो जाएगा।
उन्होंने कहा कि एईआरए ने पहले ही अडाणी द्वारा संचालित अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले घरेलू यात्रियों के लिए वर्ष 2025-26 तक छह गुना शुल्क वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 12 गुना शुल्क वृद्धि को मंजूरी दे दी है।



जरा हट के... बग्गा




## बाघों की कथित मौत पर केंद्र से जवाब तलब

एजेंसी ■ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह देश में बाघों की कथित मौत के बारे में उसे जानकारी उपलब्ध कराए। न्यायमूर्ति के. एम. जोसेफ और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना की पीठ ने बाघों की मौत के बारे में समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों का संज्ञान लेते हुए यह जानकारी तलब की।शीर्ष अदालत अधिवक्ता अनुपम त्रिपाठी की ओर से 2017 में दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें लुप्तप्राय बाघों को बचाने की मांग की गई थी।
पीठ ने कहा, यद्यपि याचिकाकर्ता मौजूद नहीं हैं, प्रतिवादी भारत में बाघों की कथित मौत के बारे में पता लगाएंगे। मामले को तीन सप्ताह के बाद सूचीबद्ध करें। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के अनुसार, भारत में



2012 के बाद से।,059 बाघों की मौत हुई है, जिसमें सबसे अधिक मौतें (270) मध्य प्रदेश में दर्ज की गई हैं। केंद्र ने 27 जनवरी को शीर्ष अदालत को अवगत कराया था कि वर्ष 2018 की एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में 53 बाघ अभयारण्यों में 2,967 बाघ हैं।
अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ को बताया था कि बाघों के संरक्षण और उनकी आबादी बढ़ाने के लिए काफी काम किया गया है।
शीर्ष अदालत ने उस याचिका पर पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण को नोटिस जारी किए थे, जिसमें बाघ अभयारण्य के पास रहने वाले लोगों को स्थानांतरित करने की भी मांग की गई थी।
याचिका में कहा गया था कि बाघ या तो स्थानीय लोगों या अधिकारियों द्वारा ज़हर देकर, वन रक्षकों द्वारा गोली मारकर या अवैध शिकार करके मारे जा रहे हैं।

## नई व्यवस्था से चुनाव आयुक्तों को मजबूती मिलेगी

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों द्वारा उठाये जा रहे सवालों के क्रम में शीर्ष अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति के लिये नई व्यवस्था दी है। जो इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक लागू रहेगी। इस तदर्थ व्यवस्था के बाबत शीर्ष अदालत ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व दूसरे आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व विपक्षी नेता की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी। यदि संसद में विपक्षी नेता न हो तो सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता को यह अधिकार दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक यह कार्य सरकार द्वारा ही किया जा रहा था। लेकिन पिछले दिनों पंजाब के एक पूर्व नौकरशाह को जिस तरह आनन-फानन में चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया, उसे कोर्ट ने बिजली की तेजी से नियुक्त बताते हुए इसकी प्रक्रिया पर सवाल उठाये थे। दरअसल, इस बाबत अतीत में दायर याचिकाओं पर सुनवाई के लिये सुप्रीम कोर्ट ने पांच सदस्यीय संविधान पीठ गठित की थी। जिसने अपना फैसला बीते नवंबर माह में सुरक्षित कर लिया था। कहीं न कहीं यह देखा जा रहा था कि सरकार निरंकुश व्यवहार कर रही है और विपक्ष की मांगों व सलाह को सिरे से खारिज कर रही है। कमोबेश इसी तरह का टकराव न्यायाधीशों की नियुक्ति को लेकर भी जारी रहा है। जिसके चलते न्यायपालिका व कार्यपालिका में टकराव की स्थिति उत्पन्न होती रही है। अब न्यायिक प्रक्रिया में जारी कॉलेजियम व्यवस्था की तर्ज पर ही चुनाव आयुक्तों के चयन की व्यवस्था को सिरे चढ़ाने की पहल हुई है। दरअसल, संविधान में चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर स्पष्ट प्रक्रिया की व्याख्या नहीं की गई है जिसका लाभ केंद्र में सत्तारूढ़ सरकारें मनमाने व्यवहार करके उठाती रही हैं। वह अपनी सुविधा के अनुरूप अधिकारियों की नियुक्ति करती रही हैं। जिसके चलते आयोग की कारगुजारियों को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठाये जाते रहे हैं। दरअसल, इन्हीं विसंगतियों के चलते ही चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिये न्यायिक प्रक्रिया में लागू कॉलेजियम जैसी व्यवस्था स्थापित करने की बात कही जाती रही है।

> *शीर्ष अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त और आयुक्तों की नियुक्ति के लिये नई व्यवस्था दी है। जो इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक लागू रहेगी। इस तदर्थ व्यवस्था के बाबत शीर्ष अदालत ने कहा है कि मुख्य चुनाव आयुक्त व दूसरे आयुक्तों की नियुक्ति प्रधानमंत्री, प्रधान न्यायाधीश व विपक्षी नेता की सलाह पर राष्ट्रपति द्वारा की जायेगी।*

**वैदिक विचार** —स्वामी विद्यानंद 'विदेह'

### यमराज्य के निवासी पिता

*ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये।*
*तेषां लोकः स्वधा नमो यज्ञो देवेषु कल्पताम्।* य 19.45

पितर शब्द पिता का बहुवचन है। पिता शब्द में पा (रक्षणे) धातु का संस्कार है। व्यक्ति, परिवार, समाज, राष्ट्र और संसार की जो रक्षा करते हैं पाप से, दुरित से, अनिष्ट से, क्षति से, हानि से, दुराचार से, अधर्म से, विनाश से, अभाव से, मृत्यु से, बंधन से, दुःख से, वे पिता हैं। पिता शब्द का प्रयोग यहां इसी अर्थ में हुआ है। माता, पिता, आचार्य, उपदेष्टा और नेता, इन पांचों की 'पिता' संज्ञा है। यम शब्द में यमन एवं शमन का भाव अंतर्निहित है। यम से पूर्व नि लगाने से नियम शब्द है। यम से पूर्व सं लगाने से संयम बनता है। यम पांच हैं- अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह। नियम पांच हैं, शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वरप्रणिधान। संयम तीन हैं- धारणा, ध्यान, समाधि। जो पिता पांच यमों, पांच नियमों और तीन संयमों का पालन करते हैं वे यम के राज्य में निवास करनेवाले पिता हैं। यम के राज्य में निवास करनेवाले पिता ही स-मान होते हैं, मान के योग्य होते हैं, परम आदरणीय होते हैं, सत्करणीय होते हैं। सचमुच, ऐसे पिता ही माननीय और सम्मानास्पद होने चाहिए। जो पिता यम के राज्य में निवास नहीं करते हैं, जो यम, नियम और संयम का पालन नहीं करते हैं वैसे अयमी, अनियमी और असंयमी पिता तो अमान होते हैं, अमाननीय होते हैं।

### प्रभु प्रदत्त शक्तियों का उपयोग

तप के प्रभाव से शक्ति बढ़ जाती है। जो व्यक्ति शक्ति का सदुपयोग करें वह देवता और जो शक्ति का दुरुपयोग करें वह राक्षस होता है। प्रभु ने मनुष्य को शक्ति दी है उसका सदुपयोग करने से वह देवता बनता है और दुरुपयोग करके राक्षस बन् जाता है। यह व्यक्ति के स्वयं के विवेक पर निर्भर करता है ।पवित्र विचार करने के लिए परमात्मा ने मन दिया है ,मन में अद्भुत शक्ति होती है। मन ईश्वर में लीन हो जाता है तब उसकी शक्तियों का विकास होता है और जब मन विषयों के जंगल में भटक जाता है तो शक्ति का विनाश होता है। प्रभु ने मनुष्य को जो कुछ भी दिया उसका सदुपयोग करना आना चाहिए। इसी में मनुष्य का कल्याण है। आज का दिन आपके लिए मंगलमय एवं कल्याणकारी हो। जय श्री राधे।

डॉ. विनोद दीक्षित

**पत्र मिला**

### पूरे देश में समान शिक्षा होनी चाहिए

आरक्षण से 75 साल में नहीं बल्कि 7500 साल में भी सबको समान अवसर नहीं मिलेगा। सबको समान अवसर उपलब्ध कराना है तो 12वीं तक समान शिक्षा (एक देश एक शिक्षा बोर्ड और एक देश एक पाठ्यक्रम) लागू करना होगा। देखा जाये तो स्कूल माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक शिक्षा बोर्ड लागू नहीं हुआ। कोचिंग माफियाओं के दबाव में 12वीं तक एक देश एक पाठ्यक्रम लागू नहीं हुआ। किताब माफियाओं के दबाव में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान की एक किताब लागू नहीं हुई। समान शिक्षा बिना समता-समरसता मूलक समाज की स्थापना नामुमकिन है इसलिए जिस प्रकार पूरे देश में एक देश-एक कर लागू किया गया, उसी प्रकार 10वीं तक एक देश-एक सिलेबस भी लागू करना अति आवश्यक है। पढ़ने-पढ़ाने का माध्यम भले ही अलग हो लेकिन सिलेबस पूरे देश में एक समान होना चाहिए और किताब एक होनी चाहिए। वर्तमान शिक्षा प्रणाली संविधान की मूल भावना के बिलकुल विपरीत है।

**महिमा शुक्ला,नई दिल्ली**

# एडोनावायरस: नई चिंता का सबब

**हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा।**

ऋतुपर्ण दवे
लेखक समसामयिक मामलों के जानकार हैं।



कोरोना की रफ्तार सुस्त पड़ते ही एक नए एडोनावायरस की धमक ने एक बार फिर चिन्ता बढ़ा दी है। इसका अब तक ज्यादा असर केवल प.बंगाल में ही दिखा है। लेकिन पुणे और दूसरी जगहों से ऐसे ही लक्षणों के मरीज मिलना मेडिकल विशेषज्ञों के लिए नई परेशानी का सबब बन सकता है। हालाकि यह सच है कि हर वक्त किसी न किसी वायरस के साथ जीना पड़ता है जो आम है लेकिन जब ये खतरनाक रूप या महामारी में तब्दील होकर घातक हो जाते हैं तो स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन जाते हैं। हमने कोविड के दौरान वायरस के ऐसे ही रूप को देखा जिसने सौ साल में आने वाली महामारी बनकर कैसी तबाही मचाई। आगे चलकर यह कितना फैलेगा और कैसे रोक पाएंगे इसके लिए थोड़ा इंतजार करना होगा। लेकिन जैसा कि अमूमन हर संक्रामक बीमारी में होता है कि बचाव ही सुरक्षा है वाला तरीका अपनाना होगा। इसका असर सबसे ज्यादा बच्चों में पड़ता है जिसकी एक खास वजह भी सामने आई लेकिन सभी उम्र के लोगों को भी प्रभावित करता है। हाँ, जद में छोटे-छोटे बच्चे इसलिए आसानी से आते हैं क्योंकि वो खुद दूसरे बड़े या छोटे के संपर्क में रहते हैं और मुंह में कुछ भी डाल लेना तथा हाथ न धोना ज्यादा तेज असर करता है। जन्म के समय कम वजन और हृदय रोग के पीड़ित भी जल्द शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सांस की बीमारी वाले बच्चों पर भी एडोनावायरस का तेज असर देखा गया है। वैसे भी बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता कम होती है इसीलिए उनके लिए घातक होता सकता है।

एडोनावायरस के लक्षण भी कोरोना से काफी कुछ मिलते हैं लेकिन सुकून की बात है कि यह उसका वैरिएण्ट नहीं है। इसे वायरल फ्लू की तरह माना जाता है जिसका कोई विशेष इलाज नहीं है। जरा सी सतर्कता और सावधानी से इससे डरे बिना घर पर भी इसके हल्के लक्षणों का कोरोना की तरह इलाज किया जा सकता है। जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस और अच्छे, ताजे व स्वस्थ आहार के साथ इसके इलाज की सलाह दी जाती है। लेकिन सतर्कता ज्यादा जरूरी है। जब तीन दिनों तक बुखार न उतरे और रोगी में सुधार न दिखे बल्कि जल्दी-जल्दी सांस लेने लगे, भूख भी कम हो जाए पेशाब भी रोजाना की तुलना में कम लगे तो जरूर चिन्ता की बात है। इस रोग को फैलने से रोकने के लिए मास्क बेहतर बचाव का साधन है। चिकित्सक भी मास्क के अलावा स्वच्छता संबंधी वो सारे उपाय के लिए कहते हैं जो कि कोविड के दौरान जरूरी थे। जैसे बार-बार हाथ धोना, संक्रमण की स्थिति में दूरी बनाए रखना और प्रभावित होने पर क्वारंटीन होना।

अब तक लक्षणों से जो सामने आया है उसमें 3 दिन से ज्यादा समय तक बुखार व खांसी चलते रहना, गले में खराश, नाक बहना, उल्टी, दस्त पेट दर्द, तेज-तेज सांस लेना, गुलाबी आंखें हो जाना, कान के संक्रमण यानी ओटिटिस मीडिया जिसमें कान के परदे के पीछे हवा वाले स्थान जो कान के बीचों बीच होता है में संक्रमण होना, सूजी हुई लसीका ग्रंथियां, सीने में ठंड यानी ब्रोंकाइटिस, न्यूमोनिया भी एडोनावायरस का कारण हो सकता है। इसका असर 3 से 5 दिनों तक दिखता है लेकिन पर दो सप्ताह तक भी मरीज बीमार रह सकता है। ऐसे में लगातार खांसी या किसी भी संभावित लक्षण की दशा में तुरंत चिकित्सक की सलाह लेना जरूरी है। एडेनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए कोई सटीक एंटीवायरल दवा भी अब तक नहीं होने से इसको रोकने के लिए आम दवाएं ही दी जाती हैं। लेकिन गंभीरता की स्थिति में चिकित्सक तेज असरकारक दवाएं लक्षण के हिसाब से देते हैं। ऐसे में लक्षणों की अनदेखी भारी पड़ सकती है।




अमेरिका के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों की श्रंखला में चौथे क्रम पर शुमार क्लीवलैंड क्लिनिक जिसे कोरोनरी धमनी बाईपास सर्जरी और पहले चेहरा प्रत्यारोपण करने का श्रेय भी प्राप्त है के अनुसार एडेनोवायरस एक सामान्य वायरस है जो कई प्रकार के सर्दी या फ्लू जैसे संक्रमण का कारण बनते हैं। यह मध्यम आकार का एक अल्प विकसित वायरस है जो कई तरह के संक्रमण पैदा कर सकता है। इसमें एक आइकोसाहेड्रल न्यूक्लियोकैप्सिड यानी वायरल प्रोटीन का कोट है जिससे जीनोम यानी आनुवांशिक संरचना का पता लग सकता है। इससे हम पता लगा सकते हैं कि आखिर उसका कैसा व्यवहार है? जब तक यह जानकारी नहीं होगी तब तक जांच, इलाज, टीका किसी की खोज नहीं हो सकती है। शोधकर्ताओं ने लगभग 50 ऐसे एडेनोवायरस के वैरिएण्ट पहचाने हैं जो मनुष्यों को संक्रमित कर सकते है। उपलब्ध जानकारी से पता चलता है कि इस वायरस का संक्रमण यूं तो पूरे वर्ष होता है जो सर्दी और बसंत के दौरान ज्यादा होता है।

लेकिन प.बंगाल में ही यह क्यों बढ़ रहा है? जबकि वहां मौसम दूसरे राज्यों के मुकाबले गर्म होता है। इस पर अभी जानकारियां जुटाई जा रही हैं। इस बीच इसी 19 फरवरी को 6 महीने के लड़के व ढ़ाई साल की लड़की के अलावा 23 फरवरी को 13 साली की एक बच्ची की मौत के अलावा 11 अन्य शिशुओं की गैर आधिकारिक मौतों से वहां का स्वास्थ्य अमला हाई एलर्ट पर है। जिस तरह से शिशु रोगियों की संख्या और अस्पताल के शिशुवार्ड में मरीजों की भीड़ बढ़ रही है वह चिन्ताजनक है। हालाकि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद की राष्ट्रीय हैजा और आंत्र रोग संस्थान में प्रभावित मरीजों के सैंपल भेजे गए हैं जिनकी रिपोर्ट के बाद ही काफी कुछ साफ हो पाएगा। लेकिन प. बंगाल के धरातल पर इस वायरस को लेकर जो स्थितियां बन रही हैं उससे समय रहते ही चेत जाने में बुराई क्या है।

कोरोना के दौरान जिस तरह के हालातों का सामना कर देश वापस उठ खड़ा हुआ है ऐसे में यदि कोई चुनौती जो बनती दिख रही है उससे चेतने और निपटने के लिए पहले से ही तैयार रहना ही बड़ा बचाव दिखता है। वैसे भी कोविड-19 ने दुनिया को जो सीख दी है उसके बाद भी अगर लोग खुद भी आँखें मूंदकर लापरवाही बरतते हैं तो सरकार कितना कर पाएगी। सरकार को भी जल्द ही कम से कम छोटे-छोटे स्कूली बच्चों के लिए खास गाइड लाइन जारी करनी चाहिए। यदि मास्क से ही किसी संभावित बड़ी मुसीबत को चुनौती दी जा सकती है इसमें बुराई ही क्या है। एक बार फिर मास्क ही एडोनावायरस खातिर रामबाण बन जाए तो इससे सस्ता और अच्छा क्या हो सकता है।

### किसने क्या कहा...



"कांग्रेस में आपसी लड़ाई की वजह से राजस्थान पिछड़ गया है: वसुंधरा राजे



सरकार ने अडाणी समूह को एकाधिकार दिया और उपभोक्ताओं के शोषण की छूट दी : जयराम रमेश



पंजाब में कानून-व्यवस्था चरमराई, सो रही राज्य सरकार: अनुराग ठाकुर



कसबा पेठ उपचुनाव झांकी है, महाराष्ट्र बाकी है: संजय राउत"

### कार्टून...




## सोने की माला

**व्यंग्य**
सतपाल

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में कुछ दिन पहले कांग्रेस पार्टी का महाधिवेशन पूरी शान- शौकत के साथ जोश- खरोश से आयोजित किया गया। कांग्रेस के सर्वदा युवा नेता की भारत जोड़ो यात्रा के समापन के बाद हो रहे अधिवेशन में वहां उपस्थित प्रतिनिधियों में यह जानने की तीव्र इच्छा थी कि किस तरह भारत को जोड़ा गया। प्रतिनिधियों को युवा नेता की बढ़ी दाढ़ी को लेकर जिज्ञासा थी कि आखिर किस कारण से श्रीदाढ़ी की श्रीवृद्धि की गई । शौक के कारण या फिर सचमुच भारत जोड़ने का गवाह बनाने के लिए दाढ़ी का विस्तार करके कथित युवा नेता के सुंदर चेहरे को बेवजह ढक दिया गया। कई प्रतिनिधियों को नज़दीक से युवा नेता को देखने का अवसर मिला और उन्होंने विशेष रूप से उनके हाथों को ग़ौर से देख कर यह जानना चाहा कि उनकी अंगुलियों पर कथित रूप से भारत के बिखरने और टूटन की मरम्मत करने के कोई निशान थे कि नहीं । प्रतिनिधियों की निगाहों को ऐसे निशान नहीं देख कर बहुत मायूसी और निराशा हुई फिर भी उन्होंने युवा नेता की बत्तीस सौ किलोमीटर पैदल यात्रा पूरी करनें में युवा नेता के साहस और जज़्बे को सलाम किया। यह भी सच है कि पूरे अधिवेशन में युवा नेता को निहारने की भीड़ लगी रही, ऐसा क्यों न होता, आखिर युवा नेता को देश के अधिकांश लोग भारत का भविष्य मानते हैं। ताज़ा खबर यह है कि युवा नेता अब निखरे चेहरे के साथ जेंटलमैन बन कर लंदन में भारत जोड़ो यात्रा की क़ामयाबी का प्रचार कर रहे हैं। यह भी ख़बर है कि युवा नेता कुछ महीनों में एक और भारत जोड़ो यात्रा निकालेंगे, वे थकते नही, रुकते नहीं।

अधिवेशन में सारे देश का प्रतिनिधित्व दिखाई दिया कि यहां सही मायने में भारत जुड़ा हुआ दिख रहा है और हर सूबे के लोग अपनी अपनी रंग -बिरंगी पोशाक में चमकते इन्द्रधनुष की तरह सजे- संवरे अपनी प्रसन्नता बिखेर रहे थे।



पार्टी के पक्ष में नारे लगाते लोगों की गूंज जैसे कश्मीर से कन्याकुमारी और शिलांग से कच्छ तक गुंजायमान हो रही थी। इससे पता चलता है कि प्रतिनिधियों के दिलों में अपने प्रिय नेताओं के प्रति बेहद सम्मान है तभी तो उन्हें देख कर उनकी हार्दिक प्रतिक्रिया को वाणी का उपहार मिल जाता है। महाधिवेशन के कर्ता- धर्ता छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल जैसे कह रहे हों कि उन्होंने खेल खेल में इतना विशाल अधिवेशन सफल बना दिया। उनके चेहरे की चमक, धनक हिमालय से ऊंची दिख रही थी।

अधिवेशन में बड़े- बड़े प्रमुख नेताओं के ज़ोरदार, दमदार, धुआंधार भाषण हुए लेकिन परिवार से संबंधित नेताओं के भाषण में जोश की स्फूर्ति का एकाकार संभव हुआ। युवा नेता ने सोच समझ कर भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख किया और बताया कि किस तरह यात्रा में उनके समक्ष पूरा देश हंसता, खेलता, दौड़ता, टहलता दिखाई दिया और उन्हें ऐसा लगा कि वास्तव में भारत इस यात्रा के बाद मज़बूत और अटूट देश बन गया है। उनकी दीदी प्रियंका ने अपनी मीठी आवाज़ में देश प्रेम का डंका बजा दिया और लोग उनकी भाषण कला को देख और सुन कर आश्चर्यचकित तथा गदगद हो गए। कई वर्षों से पार्टी अध्यक्ष रहीं सोनिया जी ने सारगर्भित भाषण दिया और वर्तमान अध्यक्ष खरगे जी ने बेहतर विचार रखे। समापन समारोह में बघेल जी ने पार्टी नेताओं को सोने की चेन उनके गले में डाल कर सबको आसमान में उड़ने का आभास करवाया।

सभी नेता इतनी मंहगी सोने की चमकती, दमकती माला देख कर न केवल प्रसन्न हुए बल्कि हैरान भी हुए। एक- एक नेता के गले में सोने की माला डालते हुए बघेल जी गर्व महसूस कर रहे थे। नेताओं ने सोचा कि अधिवेशन का समापन सचमुच उत्तेजक रहा और सोने की माला सदा- सदा के लिए पूरे परिवार में यादगार बनी रहेगी। कुछ दिनों में माला काली पड़ने लगी तो सुनार को दिखाने पर पता चला कि यह माला छत्तीसगढ़ की एक खास घास से बनी है जो एक हफ्ते के भीतर अपनी रंगत, चमक और शोभा गंवा देती है। यह जान कर लगभग सभी नेताओं का दिमाग चकरा रहा है।

### उपदेश

एक राजा वृद्ध हो गया था, उसके 10 बेटे थे। 10 राजकुमारों में अगला राजा कौन बनेगा, ये राजा को समझ नहीं आ रहा था। बहुत सोचने के बाद राजा ने राजकुमार को बुलाया सभी को एक-एक बीज दिया। राजा ने कहा, 'आप सभी ये बीज ले जाएं और अपना-अपना बीज गमले रोपने के बाद एक साल तक इसकी देखभाल करें। जिस राजकुमार का पौधा सबसे सुंदर और हरा-भरा रहेगा, मैं उसे अगला राजा घोषित करूंगा।' सबसे छोटा राजकुमार बहुत सीधा और ईमानदार था। उसने बीज को एक गमले में रोप दिया। बहुत देखभाल की, लेकिन वह बीज पनप ही नहीं पा रहा था। जबकि अन्य नौ राजकुमारों के बीजों से सुंदर-सुंदर पौधे उग आए थे। सभी राजकुमार अपनी-अपनी मेहनत से खुश थे, सिर्फ सबसे छोटा राजकुमार दुखी था। जब एक साल पूरा हो गया तो सभी राजकुमार अपने-अपने गमले लेकर राजा के पास पहुंच गए। छोटा राजकुमार जो गमला लेकर आया उसमें पौधा था ही नहीं, क्योंकि उसका बीज पनप नहीं सका था। सभी राजकुमार छोटे भाई का मजाक उड़ा रहे थे। राजा ने सभी राजकुमारों के गमले देखे और सबसे छोटे राजकुमार को राजा घोषित कर दिया। राजा का ये फैसला सुनकर सभी हैरान थे। तब राजा ने कहा कि मैंने आप सभी को जो बीज दिए थे। वे सभी बीज खराब थे। आप सभी ने अपना-अपना बीज बदलकर मुझे धोखा देने की कोशिश की है, लेकिन सबसे छोटे राजकुमार ने ईमानदारी से उसी बीज की देखभाल की और जब वह बीज नहीं पनपा, तब भी उसने बेईमानी नहीं की। एक ईमानदार व्यक्ति को ही राजा नियुक्त किया जा सकता है। इसीलिए मेरे बाद सबसे छोटा राजकुमार ही राजा बनेगा।

> *छोटा राजकुमार जो गमला लेकर आया उसमें पौधा था ही नहीं, क्योंकि उसका बीज पनप नहीं सका था। सभी राजकुमार छोटे भाई का मजाक उड़ा रहे थे। राजा ने सभी राजकुमारों के गमले देखे और सबसे छोटे राजकुमार को राजा घोषित कर दिया।*

# चलती बाइक धूं-धूं कर जली, बाल बाल बाईक सवार

अमर ख्याल । अशोक कुमार



बहराइच। थाना पयागपुर के गोपारा गांव निवासी एक युवक की चलती बाइक में आग लग गई। बाइक सवार ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। जबकि बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो गई।

पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गोपरा निवासी कन्हैयालाल तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी के ससुराल में शुक्रवार को गृह प्रवेश था। जिस पर कन्हैयालाल तिवारी शुक्रवार दोपहर में बाइक संख्या यूपी 40 एएस 2332 से ससुराल एलो मल्लो गांव जा रहे थे।

रास्ते में पहुंचते ही बाइक में अचानक आग लग गई। आग लगने से बाइक जलने लगी। युवक ने बाइक से कूदकर जान बचाई।

कुछ देर बाद ही बाइक पूरी तरह से जल गई। बाइक चालक कन्हैयालाल तिवारी ने बताया कि अचानक पीछे से आग लगने का अंदेशा हुआ। घूम कर देखा तो बाइक पूरी तरह लपटों से घिर चुकी थी। जिस पर उसने बाइक से कूदकर जान बचाई है। इसकी सूचना थाने पर दी गई है।

# अवैध खनन माफियों पर सिकंजा, दो ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

अमर ख्याल अशोक कुमार



बहराइच। कोतवाली मुर्तिहा के अमृतपुर पुरैना गांव में देर रात को खनन विभाग की टीम ने पुलिस के साथ मिलकर छापा मारा। मौके पर बालू खनन में लिप्त दो ट्रैक्टर ट्रॉली सीज कर दिया गया है। जबकि अन्य चालक वाहन लेकर फरार हो गए। कोतवाली मुर्तिहा क्षेत्र के अमृतपुर पुरैना गांव में अवैध बालू खनन लंबे समय से चल रहा है। खनन माफिया रात होते ही ट्रैक्टर लेकर खनन को पहुंच जाते हैं। इससे आम लोग काफी परेशान हैं। क्षेत्र के लोगों ने अवैध खनन की शिकायत पुलिस के साथ जिला खनन अधिकारी से की। गुरुवार रात को जिला खनन अधिकारी और कोतवाली की पुलिस स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने गांव में खनन में लगी दो ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ लिया। इसके बाद उसे कोतवाली लाकर सीज कर दिया। कोतवाल शशि कुमार राणा ने बताया कि देर रात कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि खनन अधिकारी की तहरीर पर गांव निवासी पवन शुक्ला के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। साथ ही दोनों ट्रैक्टर ट्राली सीज कर दिया गया है। मालूम हो कि कुछ माह पूर्व भी इनके ट्रैक्टर ट्रॉली को अवैध खनन में सीज किया गया था।

# एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील स्वार में जाकर सुनी गयीं जनता की समस्याएं



अमर ख्याल। राहुल कुमार

रामपुर। शनिवार को पुलिस अधीक्षक, रामपुर अशोक कुमार, उप जिलाधिकारी, स्वार सचिन राजपूत, व क्षेत्राधिकारी स्वार ओंकार नाथ शर्मा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील स्वार में जाकर जनता की समस्याओं को सुना गया एवं उनके शीघ्र निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

# मानक अनुरूप सड़क निर्माण नहीं हुआ तो होगा आंदोलन उस्मान

## किसान यूनियन ने तहसील सदर में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

अमर ख़्याल। राहुल कुमार




रामपुर ।शनिवार को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तहसील सदर परिसर में एकत्रित हुए और चमरपुरा से वराखास सड़क मरम्मत में बरती जा रही अनियमितताओं के खिलाफ प्रदर्शन कर 5 सूत्रीय ज्ञापन तहसील दिवस की अध्यक्षता कर रहे हैं एसडीएम सदर को सौंपा इससे पूर्व किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव उस्मान अली पाशा ने कहा उत्तर प्रदेश सरकार सड़कों को गड्ढा मुक्त कराने के लिए जनपद को हजारों करोड़ रुपए का बजट दे रही है लेकिन विभागीय कर्मचारी अधिकारी और ठेकेदारों की मिलीभगत से किसी भी सड़क की मानक अनुरूप मरम्मत नहीं हो पा रही है चमरपुरा से बराखास मार्ग की सड़क की मरम्मत हो रही है जिसमें लगभग 3 करोड़ रुपया से अधिक राशि का ठेका हुआ है लेकिन ठेकेदार द्वारा मिट्टी मिली बजरी नदी का रेत और तारकोल के स्थान पर शराब फैक्ट्री की राख प्रयोग की जा रही है इस संबंध में अधिशासी अभियंता निर्माण खंड रामपुर को कई बार पत्र प्रेषित किए गए लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मानक अनुरूप सड़क की मरम्मत नहीं होती है तो किसान यूनियन विभागीय अधिकारियों के पुतले फूकेंगी। प्रदर्शन कर ज्ञापन देने वालों में जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद फैजान फहीम अंसारी नदीम खान नूर मोहम्मद जीनत खान शाहरुख पाशा दानिश मियां विनोद कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# खाटू श्याम बाबा के दर्शन को खाटू पहुंचे भक्त

## रिंग्गस से सीकर श्याम मंदिर तक करीब 17 किलोमीटर की पैदल निसान यात्रा किलो

अमर ख्याल/राहुल कुमार



रामपुर। शहर स्थित ज्वालानगर क्षेत्र से शुक्रवार रात दर्जन भर से ज्यादा भक्तों की एक टोली राजस्थान राज्य के जिला सीकर के गांव खाटू के लिए रवाना हुई। खाटू में श्री श्याम मंदिर है। श्री श्याम बाबा दर्शन के लिए पहुंची भक्तों की टोली शुक्रवार रात रामपुर से खाटू के लिए रवाना हुई। अमर ख्याल संवाददाता राहुल कुमार से बातचीत के दौरान बिशभ सक्सेना और सिध्दार्थ सिंघल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया,कि श्री श्याम बाबा के दर्शन करने के लिए कई बार से जा रहे है। सिध्दार्थ आगे बताते हैं, कि श्याम बाबा के दर्शन के लिए पिछले बहुत समय से मन था। लेकिन बाबा का बुलावा नहीं आ रहा था। हाँ श्याम बाबा ने शनिवार को मुझपर कृपा दृष्टि कर दी जो बुलाबा आ गया।कोशिश रहेगी कि बाबा के दर्शन करने जाता रहूँ, श्याम बाबा सभी की मनोकामना पूरी करते हैं। टोली के सभी भक्तों ने शनिवार को रिंग्गस से निशान यात्रा की इसके बाद मंदिर परिसर पहुंचकर श्री श्याम के दर्शन किए। सिध्दार्थ आगे बताते हैं। रिंग्गस से सीकर श्याम मंदिर तक करीब 17 किलोमीटर की पैदल निसान यात्रा की और बाबा के चरणों में निशान चढ़ाया। साथ ही भक्तो की एक और टोली मुरादाबाद जनपद से भक्तों ने श्याम बाबा के दर्शन किए। इस दौरान सभी ने बताया कि शनिवार को श्याम बाबा के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्याम बाबा की कृपा सभी पर यूँ ही बनी रहे और श्याम बाबा के दर्शन को हम लोग जाते रहें। टोली में सिध्दार्थ गुप्ता, बिषभ सक्सैना, गौरी शंकर, सन्नी,अनूप अग्रवाल, मुनेश यादव, आशीष गुप्ता,तुषार सक्सैना,केदार यादव, वहीं मुरादाबाद निवासी अनिल वर्मा, मुनीश चन्द्र शर्मा,सौभित सक्सैना, अनुज सक्सेना, श्याम सक्सेना, राज मौर्य, विशाल सक्सेना सहित भक्त रहे।

# चुनाव जीतने के बाद बोले प्रधान विकास की बहाएंगे गंगा गांव में

अमर ख्याल । अनीक अहमद

**गैसड़ी बलरामपुर।** विकासखंड गैसड़ी के ग्राम सभा चौकिया में ग्राम प्रधान का चुनाव 2 मार्च 2023 को कराया गया था जिसका नतीजा 4 मार्च 2023 को आया जिसमें रामरति ने अपने प्रतिबंधित प्रत्याशी रामकली को 57 वोटों के अंतर से चुनाव हराया रामरति ने कहा है की ग्राम सभा में पक्षपात की राजनीति छोड़कर गांव में विकास की गंगा बहाया जाएगा लोगों को स्वास्थ्य और साफ-सफाई का ध्यान दिया जाएगा और लोगों को स्वच्छ जल दिया जाएगा और जिसके पास घर नहीं अभी तक है उसको घर देने का प्रयास किया जाएगा।

# एसडीएम ने अवैध खनन से भरे दो ट्रकों को किया सीज



अमर ख्याल। राहुल कुमार

**रामपुर।** पटवाई शनिवार को एसडीएम सुनील कुमार तथा नायब तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए अवैध खनन से लदे 2 ट्रक को सीज कर कार्रवाई की ।शनिवार की सुबह नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा को जानकारी मिली थी की अवैध खनन से लदे दो ट्रक पटवाई की ओर आ रहे हैं नायब तहसीलदार ने सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए 2 वाहनों को पकड़ लिया। परीचालक से जब कागजात मांगे गए तब चालक कागज दिखाने में असमर्थ रहे, नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा एवं एसडीएम सुनील कुमार ने दोनों वाहनों को सीज करने के बाद अवैध खनन से लदे दोनों ट्रकों को पटवाई पुलिस की अभिरक्षा में देकर थाना पटवाई में खड़ा करा दिया।

# डीएम व एसपी ने समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की फरियाद




अमर ख्याल । अहमद रजा

बलरामपुर। जिलाधिकारी डॉ0 महेन्द्र कुमार व पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा तहसील सदर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर व क्षेत्राधिकारी ललिया राधारमण सिंह व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# गन्ने की बुआई मना करने पर दबंगों ने की जमकर पिटाई

**अमर ख्याल शिव आशीष**

**परसपुर (गोण्डा) थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों के खेत में गन्ने की बुआई करने से मना करने पर एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गया। जिससे घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया।मिली जानकारी के मुताबिक परसपुर थाना क्षेत्र के गोंहड़ी निवासी हारून अली ने बताया कि गांव के पुत्तीलाल पाण्डेय व अनिल पाण्डेय ने उसके लड़के आफताब आलम से गन्ने की बुआई कराने के लिए कहा था,लेकिन बेटे ने मना कर दिया था। उसी बात को लेकर आरोपी उसके लड़के को मारपीट कर लहुलुहान कर दिये। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सरोज ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।**

# अपहरण के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद



**अमर ख्याल । रामसिंह**

**गोरखपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर द्वारा ₹अभियुक्त की गिरफ्तारी तथा अपहृता की बरामदगी₹ के संबंध में चलाये जा रहे अभियान/निर्देश के क्रम में व पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर व क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में उ0नि0 चन्दन कुमार सिंह के नेतृत्व में शाहपुर टीम की मदद से मु0अ0सं0 100/2023 धारा 363,366 भादवि के अभियुक्त शैलेश कुमार पुत्र मिट्ठू निवासी ग्राम सहुआपुर सिसवा बाजार थाना कोठीभीर थाना जनपद महराजगंज को गिरफ्तार कर अपहृता को सकुशल बरामद किया गया । आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

# आगामी पर्व होली के अवसर पर ट्रैफिक प्लान जनपद रामपुर इस प्रकार रहेगा

अमर ख़्याल ।राहुल कुमार

रामपुर। आगामी त्यौहार होली को दृष्टिगत रखते हुए नगर क्षेत्र रामपुर में यातायात व्यवस्था के लिए दिनाक रविवार से मंगलवार तक सुगम एवं सुद्दढ बनाये रखने हेतु ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है, जो कि निम्नवत है

1- किला पश्चिमी गेट से मार्केट की और आने वाले ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।2- किला पूर्वी गेट से मार्केट की और आने वाले ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।3- चौकी हजियानी की तरफ से आने वाले ई-रिक्शा मोटर साईकिल, चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।4- एस0बी0आई0 तिराहा से मार्केट की और आने वाली ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहेंगे।5- चौकी चौक चौराहा से मार्केट की और आने वाली ई-रिक्शा, मोटर साईकिल/चार पहिया वाहन पूर्ण प्रतिबन्धित रहगे भारी वाहन के लिए पूर्ण प्रतिबन्धित 1- कोसी पुल से भारी वाहनों का शहर के अन्दर प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। 2 - शाहबाद बाईपास पुल के नीचे से शहर मे भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 3 - पनवडिया से मालगोदाम तिराहा की तरफ भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा।

4 - जौहर की पुलिया से शहर के अन्दर भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे।

5) - तोपखाना चौराहा से गांधी समाधी व बापू माल की तरफ भारी वाहन प्रतिबिन्धित रहेगे।

6 - बरेली गेट से मालगोदाम तिराहे की तरफ भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे।

7 - राधा टाकिज के सामने से राधा रोड की तरफ भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगे। 8 - मालगोदाम तिराहे से अम्बेडकर पार्क की ओर जाने वाला भारी वाहन प्रतिबन्धित रहेगा

अन्य डायवर्जनबिन्दु-01- रेलवे स्टेशन के सामने वाले बाजार में हल्के वाहन प्रतिबन्धित

बिन्दु-02- होली के पर्व पर बाजारों में खरीदारी हेतु आने वाले आमजन के लिए वाहनों को खड़ा करने हेतु निम्न पार्किंग स्थलो का चिन्हीकरण किया गया है-1. एस0बी0आई0 के सामने नाहिद सिनेमा हाल में पार्किंग

2. सरार्फा मार्केट के सामने जच्चा बच्चा केन्द्र मे पार्किंग 3. किला पूर्वी गेट के सामने पान दरिवा मे पार्किंग

4. किला पश्चिमी गेट के सामने पुरानी तहसील मे पार्किंग 5. महिला डिग्री कालेज के सामने किले मे पार्किंग

बिन्दु-03 - यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए बैरियर/रूट डायवर्जन की व्यवस्था निम्न प्वाईन्टो पर कि गयी है।-1 . किला पश्चिमी गेट से बापू माल व जेल रोड की तरफ

2. किला पूर्वी गेट से बासमण्डी व गुईयातालाब की ओ

3.एस0बी0आई0 तिराहा से जिला चिकत्सालय की ओर

4. चौकी चौक चौराहा से दौमहला रोड व हाथी खाने की ओर बिन्दु-04- यातयात व्यवस्था के लिए किला पश्चिमी गेट किला पूर्वी गेट व एस०बी०आई0 तिराहा से ई-रिक्शा/चार पहिया वाहनों का रूट डायर्वजन।

# कच्ची शराब 12 सौ लीटर लहन को चौरी चौरा पुलिस ने किया नष्ट



**अमरख्याल । रामसिंह**

**गोरखपुर** जनपद के चौरी चौरा थाना क्षेत्र धोलहा और माडापार नाले के किनारे रखे तकरीबन 1000 से 1200 लीटर लहन को स्थानीय थाना पुलिस चौरी चौरा द्वारा नष्ट किया गया। चौरी चौरा क्षेत्राधिकारी के निर्देशन में होली और सब ए बारात के इस पर्व को देखते हुवे सभी जगहों पर बनने वाली कच्ची शराब के ऊपर बड़ी कार्यवाही किया।

# ट्रांसफार्मर फूकने लगभग 50 घरों की बिजली आपूर्ति ठप

अमर ख्याल। राहुल कुमार

**रामपुर। पटवाई तीन दिन से गांव में बिजली नहीं पहुंची। गांव के लोगों ने होली के त्यौहार पर डीजे बजाने की तैयारी की थी। लेकिन अब होली के त्यौहार पर डीजे बजाने की आशा टूटती नजर आ रही है ग्रामीणों ने कहा कि होली के त्यौहार पर डीजे बजा कर मनोरंजन धूमधाम से होली मना लेते थे। गांव में बिजली का ट्रांसफर फूकने से ग्रामीणों में उदासी छाई है। मोबाइल शोपीस बनकर रह गए हैं। पटवाई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मदारपुर का मझरा चंडका गांव में बुधवार को रात्रि 8 बजे अचानक ट्रांसफार्मर फुक गया ट्रांसफार्मर फूकने से सारे गांव की बिजली गुल हो गई। ग्रामीणो ने ट्रांसफर फूकने की जानकारी बिजली विभाग के कर्मचारियों को बता दी थी। गांव में बिजली नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों को 3 दिन बीत चुके हैं यह बिजली विभाग की घोर लापरवाही है। ग्रामीणों के मोबाइल भी स्विच ऑफ पड़े हैं जो कि शोपीस बनकर रह गए हैं बुद्धसेन ,जोगेंद्र ,मास्टर,चामन,वीरेंद्र ,प्रेमपाल,श्यामलाल ,बालक राम झंडू सिंह सुखपाल,होरी लाल,महावीर, आदि ग्रामीणों ने बताया कि हर साल होली के त्यौहार पर डीजे बजाकर मनोरंजन कर लेते थे**

**लेकिन अबकी बार गांव में बिजली नहीं आने के कारण होली का त्यौहार सुनसान मनाने की आशंका लग रही है। ग्रामीणों ने इसका विरोध करते हुए बिजली विभाग से गुजारिश की है कि होली के त्यौहार से पहले पहले ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली सप्लाई देने की गुहार लगाई है। इस संबंध में जब बिजली घर के जेई निरंजन कुमार गुप्ता से गांव में ट्रांसफर फूकने और बिजली सप्लाई ना देने की जानकारी लेनी चाहिए तो जेई निरंजन कुमार गुप्ता ने फोन ही रिसीव नहीं किया गया।**

# महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे का आश्वासन जी डी सी ई का पूरा पैनल जल्द घोषित होगा।

अमर ख्याल । रामसिंह



गोरखपुर। स्वतंत्र रेलवे बहुजन कर्मचारी यूनियन (यस आर बी के यू) पूर्वोत्तर रेलवे का एक प्रतिनिधिमंडल जोनल अध्यक्ष अमरजीत प्रसाद के नेतृत्व में महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे श्री चन्द्रवीर रमन जी से मिला। महाप्रबंधक द्वारा कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए जोनल अध्यक्ष अमरजीत प्रसाद ने कहा कि गोरखपुर जोन में जी डी सी ई परीक्षा दो चरणों में सम्पन्न हुआ। जिसका पहला चरण दिसम्बर 2018 एवं दूसरा चरण मई 2019 तक पूरा करा लिया गया। लेकिन अभी तक इसका पूरा पैनल जारी नही किया गया है। इस सम्बन्ध में महाप्रबंधक महोदय ने सकारात्मक जवाब देते हुए यथाशीघ्र जी डी सी ई का पूर्ण पैनल जारी करने का आश्वासन दिया। यूनियन की मांग पर महाप्रबंधक ने ट्रेड टेस्ट/सुयोग्यता परीक्षा पदोन्नति कोटे के तहत सृजित होने वाले पदों हेतु ट्रेड टेस्ट कैलेंडर, प्रत्येक वर्ष वरीयता सूची प्रकाशित करने एवं रिक्त हुए पदों को भरने के सम्बन्ध मौजूद अधिकारियों को आदेश दिया।

लगातार कर्मचारियों के द्वारा आ रही कैंटीन की खाने-पीने सामानों में अव्यवस्था एवं जर्जर हो चुके रेल आवासों को जोनल अध्यक्ष ने महाप्रबंधक के सामने प्रमुखता से रखा। सभी विषयों पर महाप्रबंधक ने बहुत ध्यान से सुना और कैटिंन की व्यवस्था को दुरुस्त करने व आवासों का मरम्मत हेतु सम्बंधित विभाग को निर्देशित किये। ज्ञापन देते समय मुख्य रूप से प्रमोद गौतम, कैलाश विश्वकर्मा, महेश पासी, दिनेश यादव, रामसिंह मौर्य, शैलेष कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, कपिल साहनी उपस्थित रहे।

# पुल का एप्रोच ध्वस्त होने से आवागमन में हो रही है परेशानियां



**अमर ख्याल राम सिंह**

**कुशीनगर।** जटहा बाजार थानाक्षेत्र के माघी कोठिलवा से होकर बहने वाली नदी पर बने पुलिया का अप्रोच ध्वस्त हो गया है। इससे राहगीरों को आवागमन परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय गावँ के ग्राम प्रधान नथुनी चौहान के अगुवाई में दर्जनों ग्रामीणों ने प्रदर्शन करके इसका अतिशीघ्र मरम्मत कार्य करवाने का मांग किया है। किन्नर पट्टी से माघी कोठिलवा (मुरगहवा टोला) गांव को जोड़ते हुवे बिहार के दर्जनों गांवों तक जाने वाली मार्ग के नदी पर बनी पुलिया का अप्रोच ध्वस्त हो जाने से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस मार्ग से छोटी बड़ी वाहनों से प्रतिदिन हजारों लोग आते जाते हैं। स्थानीय क्षेत्र के ग्रामीणो ने इसका अतिशीघ्र मरम्मत कार्य नही होने पर आन्दोलन करने की भी चेतावनी दी है। प्रदर्शन करने वालो में ग्राम प्रधान नथुनी चौहान, विकास चौहान (कोटेदार), मनन राजभर, प्रभु यादव, हरदुवाल गोंड, रविंद्र बैठा, चंद्रभान चौहान, फुन्नी, राजेंदर, संजय, राधा, इंदल, शंकर, नरेश, हरी और नंदलाल आदि ने पुलिया के अप्रोच को अतिशीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है।

# कैम्प का आयोजन कर बाटे गये 33 गोल्डेन कार्ड

## सीएमओ कुशीनगर ने किया कैम्प का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशानिर्देश

अमर ख्याल । राजेश कुमार

कुशीनगर। सेवरही आयुष्मान भारत योजना का लाभ पात्रो को मिले, इसके लिए सीएचसी तमकुही के स्वास्थ्यकर्मियों के द्वारा जमुआन में कैम्प का आयोजन कर 33 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये, कार्ड मिलने पर लाभार्थियों ने स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार जताया। वही सीएमओ कुशीनगर ने कैम्प में पहुचकर आयुष्मान गोल्डेन कार्ड बनाने की प्रगति का निरीक्षण किया, और लोगो से संवाद कर उसके लाभ की जानकारी देते हुए स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिया। कैम्प के दौरान स्वास्थ्य टीम द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि आयुष्मान गोल्डन कार्ड अगर आपके पास है तो आपका सरकारी, निजी अस्पतालों में जांच के साथ ही सर्जरी सहित अन्य सुविधाओं के लिए धन नहीं खर्च करने होंगे। गोल्डन कार्ड बनवाने के लिए अभियान चलाकर विभाग की ओर से लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। शनिवार को अभियान की प्रगति का निरीक्षण करने सीएमओ कुशीनगर सुरेश पटारिया ग्राम जमुआन की बस्ती में आयोजित कैम्प में पहुचे और गोल्डेन कार्ड सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली, निरीक्षण के दौरान 33 गोल्डेन कार्ड वितरित करना हुआ पाया, और स्वास्थ्यकर्मियों के कार्यो की सराहना करते हुए आवश्यक दिशानिर्देश दिया। उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि मरीजों को जरूरत पड़ने पर बेहतर इलाज मिल सके, इस उद्देश्य से ही प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डन कार्ड बनाए जा रहे हैं। अभियान चलाकर लोगो को जागरूक भी किया जा रहा है। इस दौरान सीएचसी तमकुही के अधीक्षक डा. अमित राय, बीपीएम प्रवीण कुमार राय, एआरओ विजय चौहान, वीसीपीएम वाहिद हुसैन, विकास गुप्ता, अनिता शर्मा, आशा स्वेता गुप्ता, विद्यावती देवी आदि स्वास्थ्यकर्मी व लाभार्थी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

अमर ख्याल । शिव आशीष



गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर गोण्डा में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समय से निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील सदर गोण्डा में कुल 123 प्रार्थपा पत्र प्राप्त हुये जिसमें 03 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध करायें।उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब, जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करें। समाधान दिवस में प्राप्त हुए शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर रश्मि वर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर गोण्डा कुलदीप सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मीकान्त गौतम, शिल्पा वर्मा, परियोजना निदेशक डीआरडीए चन्द्रशेखर, उपनिदेशक कृषि प्रेम ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, तहसीलदार सदर गोण्डा अखिलेश कुमार, नायब तहसीलदार, प्रभारी प्रभागीय वनाधिकारी, जिला विकास अधिकारी दिनकर विद्यार्थी, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गौतम, प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश चौधरी, एक्सईएन प्रांतीय खंड प्रमोद त्रिपाठी, एसएचओ इटियाथोक, कोतवाली नगर, कोतवाली देहात, सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# होली के गीतों के साथ धूमधाम से बच्चों नें शिक्षकों के संग होली के रंग का लिया आनंद

अमर ख्याल । शिव आशीष



कर्नलगंज (गोण्डा) कस्बे के सनराइज किड्स कान्वेंट विद्यालय में प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 5 तक शिक्षा का सफर पूर्ण कर विदाई समारोह में होली के गीतों के साथ उत्सव में धूमधाम से बच्चों नें शिक्षकों के संग होली के रंग का आनंद लिया।बच्चों के प्रति सजग रहने वाले विद्यालय के प्रबंधक के.एल. वर्मा ने अपने उद्बोधन में बच्चों को अनुशासन और समय से कार्य पूर्ण करने का शिक्षा से दोस्ती ही भविष्य बदलने की प्रथम सीढ़ी बताई और उज्जवल भविष्य की कामना के साथ स्नेह गिफ्ट देकर तनप्रीत कौर,शेखर गुप्ता,आराध्या पटवा, मोहम्मद सैफ, सानवी त्रिपाठी को विदा किया गया। बच्चों ने भी सनराइज परिवार का आभार व्यक्त करते हुए नम आंखों से विद्यालय से प्राप्त संस्कारों का सदैव पालन करने का आश्वासन दिया। वहीं सभी क्लासों के बच्चों ने अबीर गुलाल उड़ा कर होली गीतों के संग मस्ती में थिरकते नजर आए। जहां अभिभावकों ने भी अपने अपने बच्चों का उत्साहवर्धन कर खूब सहयोग किया। इस मौके पर आवेश सिद्दीकी,आकाश गोस्वामी,पंकज जयसवाल,आदिती सोनी,आरती तिवारी रूची सिंह, शैली गुप्ता, शुभम मिश्रा, शिवम मिश्रा, बेबी कौशल, शिवानी श्रीवास्तव, ल ा ी न ा ा गुप्ता,सिमरन,आयशा,ममता पाण्डेय,लक्ष्मी पाण्डेय बच्चों को आशीर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना की गयी।

# परसपुर पुलिस गंभीर धाराओं के आरोपियों पर मेहरबान

## अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी नहीं हो रही गिरफ्तारी

अमर ख्याल । शिव आशीष

परसपुर/गोण्डा। जिले के खुद को काफी तेजतर्रार कहलाने वाले एसपी आकाश तोमर भले ही फरियादियों को थाने चौकी पर न्याय दिलाने के दावे करते हुए आये दिन कागजी निर्देश देकर सुर्खियों में बने रहते हैं लेकिन जमीनी हकीकत देखने और औचक निरीक्षण करना जरूरी ना समझने से थाने चौकी पर न्याय व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। ऐसे में आखिर कानून व्यवस्था पर सवाल क्यों ना उठे जब एसपी और डीआईजी कार्यालय के चक्कर काटते काटते पीड़ितों की चप्पल घिस जाती है और न्याय की आस टूट जाती है।मिली जानकारी के मुताबिक ताजा मामला परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हृदय बैसन पुरवा का है।जहां महीनों पहले पीड़ित रामानंद रास्ते पर पटाई कर रहे थे, तभी विपक्ष के कुछ लोग वहां आ गए और रामानंद व उनके परिवार वालों पर हमला कर दिया। जिसमे रामानंद को गहरी चोट आई। जब घायल पीड़ित परसपुर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की और उल्टे घायलों को ही हिरासत में ले लिया। वहीं मारपीट में गंभीर रूप से घायल रामानंद को बिना रिपोर्ट दर्ज किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल की स्थिति अधिक गंभीर होने पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी मरीज को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रामानंद की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के भाई हरीराम ने हमला करने वाले व्यक्तियों को सजा दिलाने के लिए थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक तक गुहार लगानी शुरू की लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया अंततः पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली तब जाकर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज.किया गया। फिलहाल मुकदमा तो दर्ज.हो गया और एक महीने का समय भी बीत गया लेकिन अभी तक थाना परसपुर की पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है और पुलिस आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई।मृतक के भाई हरीराम ने बताया कि उसने तीन बार डीआईजी के यहां व तीन बार पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया लेकिन फिर भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अब गंभीर सवाल ये उठता है कि प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था के चाक चौबंद होने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाती है फिर ऐसे मामले आखिर क्यों सामने आते हैं और जिम्मेदार पुलिस सुधर क्यों नहीं रही है। इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है।


# परसपुर पुलिस गंभीर धाराओं के आरोपियों पर मेहरबान

## अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज होने के बाद भी नहीं हो रही गिरफ्तारी

अमर ख्याल । शिव आशीष

परसपुर/गोण्डा। जिले के खुद को काफी तेजतर्रार कहलाने वाले एसपी आकाश तोमर भले ही फरियादियों को थाने चौकी पर न्याय दिलाने के दावे करते हुए आये दिन कागजी निर्देश देकर सुर्खियों में बने रहते हैं लेकिन जमीनी हकीकत देखने और औचक निरीक्षण करना जरूरी ना समझने से थाने चौकी पर न्याय व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। ऐसे में आखिर कानून व्यवस्था पर सवाल क्यों ना उठे जब एसपी और डीआईजी कार्यालय के चक्कर काटते काटते पीड़ितों की चप्पल घिस जाती है और न्याय की आस टूट जाती है।मिली जानकारी के मुताबिक ताजा मामला परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हृदय बैसन पुरवा का है।जहां महीनों पहले पीड़ित रामानंद रास्ते पर पटाई कर रहे थे, तभी विपक्ष के कुछ लोग वहां आ गए और रामानंद व उनके परिवार वालों पर हमला कर दिया। जिसमे रामानंद को गहरी चोट आई। जब घायल पीड़ित परसपुर थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचे तो पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की और उल्टे घायलों को ही हिरासत में ले लिया। वहीं मारपीट में गंभीर रूप से घायल रामानंद को बिना रिपोर्ट दर्ज किए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल की स्थिति अधिक गंभीर होने पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने भी मरीज को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान रामानंद की मौत हो गई। जिसके बाद मृतक के भाई हरीराम ने हमला करने वाले व्यक्तियों को सजा दिलाने के लिए थाने से लेकर पुलिस अधीक्षक तक तक गुहार लगानी शुरू की लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया अंततः पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली तब जाकर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज.किया गया। फिलहाल मुकदमा तो दर्ज.हो गया और एक महीने का समय भी बीत गया लेकिन अभी तक थाना परसपुर की पुलिस मूक दर्शक बनी हुई है और पुलिस आज तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर पाई।मृतक के भाई हरीराम ने बताया कि उसने तीन बार डीआईजी के यहां व तीन बार पुलिस अधीक्षक के यहां प्रार्थना पत्र दिया लेकिन फिर भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। ऐसे में अब गंभीर सवाल ये उठता है कि प्रदेश की योगी सरकार कानून व्यवस्था के चाक चौबंद होने का दावा करते हुए अपनी पीठ थपथपाती है फिर ऐसे मामले आखिर क्यों सामने आते हैं और जिम्मेदार पुलिस सुधर क्यों नहीं रही है। इसका जवाब देने वाला कोई नहीं है।


# जामिया अल मुमिनात में 24 बच्चियों को दी गई दस्तारे फाजिलत



**अमर ख्याल**

**कुशीनगर**। थाना नेबुआ नौरांगिया के अंतर्गत ग्राम सभा ढोलहाँ के टोला मुसहरी मे खत्मे बुखारी सरीफ का प्रोग्राम हुआ जिसमे 21 आलीमा और 3 हाफिजा लड़कियों को दस्तारे फाजिलत दिया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे बाँदा मौलाना ओबैदुल्लाह असअदी और मुफ़्ती सादुन्नजीब और मुफ़्ती खुर्शीद आलम उपस्तिथ रहे, मदरसे के नाजिम मुफ़्ती सईद अहमद ने बताया कि हर साल रमजान से पहले जो बच्चियां दौरे हदीस मे होती हैं उनका सम्मान और उनको सनद देने के लिए बाहर से बड़े उलेमा लोगों को बुलाया जाता है जिनके हातों से फारिग होने वाली बच्चियों को दस्तार दिया जाता है।इस वर्ष जिन बच्चियों को सनद दिया गया उस मे खडिजा खातून, फहमीदा खातून, हाजरा खातून बुशरा खान, बुशरा कुलशुम, आसिया खातून, नसीमा खातून,साहिबा खातून, आबिदा खातून, फरजाना खातून, शरीफून नशा, मजीर्ना खातून, सुफियाना खातून, साजिदा खातून, आरिफा शबनम, खुशबु जमाल, यास्मीन खातून,शाहीना खातून,रुखसार खातून,और हाफिजा लड़कियों मे नाजिया इल्मी जो सिर्फ 76 दिन मे पुरा कुरआन हिफ़्ज किया है और फातिमा खातून और मरयम खातून नाम कि लड़कियां फारिग हुई वहीं इस मौके पर थाना नेबुआ नौरांगिया के थाना प्रभारी अतुल कुमार श्रीवास्तव को मुफ़्ती साहब के हाथों अवार्ड देकर सम्मानित किया गया, इस प्रोग्राम की सबसे खास बात यह रही कि यहां पर हिंदू मुस्लिम सभी मिलकर खत्मे बुखारी के इस प्रोग्राम को कामयाब करने में लगे हुए थे और जिस तरह से मुस्लिम नौजवान अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी से निभा रहे थे उसी तरह से हिंदू समुदाय के लोग भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिए

# कर्नलगंज ब्लाक में मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर हो रही धांधली

## बीडीओ की मिलीभगत से जिम्मेदार कर्मचारी कर रहे जमकर सरकारी धन का गबन और फजीर्वाड़ा

अमर ख्याल । शिव आशीष

कर्नलगंज (गोण्डा)ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत व कमीशन खोरी के चलते मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर जमकर धांधली करते हुऐ सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा है,लेकिन जिम्मेदार अधिकारी शिकायत के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं।मामला विकास खंड कर्नलगंज अन्तर्गत ग्राम पैरौरी से जुड़ा है। यहां के निवासीगण प्रदीप कुमार सिंह व सुरजन सिंह ने आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि स्थानीय अधिकारियों की मिली भगत से ग्राम पंचायत पैरौरी के विकास कार्य में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है। मनरेगा योजना के तहत फर्जी श्रमिकों के नाम का मास्टर रोल जारी करवाकर बिना कार्य करवाए ही भुगतान किया जा रहा है। आरोप है कि रामप्रसाद तिवारी के खेत से बड़कन के खेत तक 02 से 15 फरवरी तक 40 श्रमिकों का मस्टररोल निर्गत करवाकर कार्य कराया जाना दिखाया गया है। जबकि इस अवधि के बीच मात्र 7 श्रमिक 10 दिवस कार्य किये हैं। यही नहीं उसी स्थान पर पुनः 17 फरवरी से 2 मार्च तक 48 श्रमिकों का मस्टर रोल निर्गत कराया गया है। शनिवार को आयुक्त द्वारा उक्त सड़क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। जिसमें फर्जी श्रमिकों को एक घंटे के लिए बुलाकर उनकी उपस्थिति दिखाकर जांच करवा दी गई। उनके वापस जाते ही सभी फर्जी श्रमिक वापस अपने घर चले गए। जांच की सूचना पाकर कई लोगों के साथ वह उक्त सड़क के पटाई स्थल पर 3 बजे पहुंचे तो वहां एक श्रमिक कार्य कर रहा था। कुछ देर बाद वह भी चला गया। शाम 4 बजे तक सड़क पटाई स्थल पर वह मौजूद रहा। मगर कोई श्रमिक नहीं दिखा। जिसका जीपीएस फोटो व वीडीओ भी उनके पास मौजूद है। इस तरह फर्जी श्रमिकों के नाम से मस्टर रोल निर्गत करवाकर बिना पटाई कार्य करवाए ही सरकारी धन का भुगतान किया जा रहा है। आरोप है कि पूर्व में भी मनरेगा योजना में धांधली किये जाने की कई बार शिकायत की जा चुकी है।मगर स्थानीय अधिकारियों की संलिप्तता की वजह से कोई कार्रवाई नही हो पा रही है। उन्होंने प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराकर धन की रिकवरी कराते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की है। इस संबंध में जब संयुक्त खंड विकास अधिकारी श्रीकांत तिवारी से वार्ता करने हेतु सीयूजी नंबर पर संपर्क किया गया तो उनका फोन नेटवर्क क्षेत्र से बाहर था।

# 78 वोटों से हरा जाकिर अली बने रायबोझा के प्रधान

**अमर ख्याल अशोक कुमार बहराइच**। मिहींपुरवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत रायबोझा में ग्राम प्रधान की मृत्यु से रिक्त हुई सीट पर उपचुनाव करवाया गया था। जिसकी आज सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू हुई। काफी उठा पटक के बाद जाकिर अली ने 1139 मत पाकर अपने प्रतिद्वंद्वी सुबेदार को 78 मतों से पराजित कर दिया। ग्राम पंचायत रायबोझा के प्रधान पद के 6 प्रत्याशी ?अपना भाग्य अजमा रहे थे। 5 राउंड तक सूबेदार यादव जाकिर अली से आगे चलते रहे और अंतिम राउंड में हार गए। वहीं दूसरी तरफ ग्राम चहलवा के ग्राम पंचायत सदस्य के लिए हुए उपचुनाव में वार्ड संख्या 7 से ग्राम पंचायत सदस्य पद पर वंशीधर निर्वाचित घोषित किये गये। उन्होंने आपने प्रतिद्वंद्वी मालती को 34 मतो से हराया।

# जिले में सम्पन्न हुई बोर्ड परीक्षा

**अमर ख्याल अशोक कुमार बहराइच** 04 मार्च। मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार जिले में बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन सम्पन्न कराने, सूचनाओं के आदान-प्रदान तथा कमाण्ड सेन्टर की भूमिका के निर्वहन के लिए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देश पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ई-डिस्ट्रिक मैनेजर के कार्यालय कक्ष में कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गई थी। राजकीय हाईस्कूल टेण्डवा सिस्टी के प्रधानाचार्य बच्छराज को प्रभारी व राजकीय हाईस्कूल चाकूजोत के सतीश चन्द्र को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। डीएम डॉ. दिनेश चन्द्र के दिशा निर्देशन में ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी के सहयोग से कमाण्ड सेन्टर द्वारा सौंपे गये दायित्वों का निर्वहन भली प्रकार से किया गया।

# पीएचसी पर तैनात डॉक्टर दो दिन से नदारत, मरीज परेशान



अमर ख्याल । राम सिंह

चौरीचौरा। विकास खंड सरदारनगर के ग्राम पंचायत डुमरी खास में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात महिला डॉक्टर प्रतिभा त्रिपाठी के लगातार दो दिन से ड्यूटी पर नही आने से पीएचसी पर इलाज के लिए आने वाले मरीजों को काफी दिक्कत हो रहा है। डॉक्टर को समय से पीएचसी पर मौजूद नही होने की शिकायत ग्रामीणों ने प्रधान संघ के अध्यक्ष अच्छेलाल साहू से की। प्रधान ने मामलों को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल पीएचसी पहुंचकर मामले की जानकारी सरदारनगर पीएचसी प्रभारी डॉक्टर हरिओम पांडेय को दी। प्रधान ने बताया कि पीएचसी पर डॉक्टर को समय से नही आना एक गम्भीर बात है। इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे। पीएचसी पर इलाज कराने गए बिक्रम सिंह, रामदास, पूजन चौहान, सोमारी, कमला, जामवंती, पूनम देवी, जगरनाथ समेत भारी संख्या में मरीज इलाज के लिए पीएचसी पर डॉक्टर का इंतजार कर रहे थे।

# नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

अमर ख्याल । विपिन तिवारी




सीतापुर। बीज भंडार केंद्र पर नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ द्वारा एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने उर्वरकों व कीटनाशकों के संतुलित प्रयोग पर चर्चा की तथा प्रमुख रूप से जायद में सूरजमुखी, उड़द एवं मूंग की खेती पर विस्तृत जानकारी दी और जोर देकर कहां की सूरजमुखी की केबीएसएच - 1, मूंग की सम्राट और विराट तथा उड़द की वीएनबी- 8 एवं एलबीजी-

787 अच्छी प्रजातियां हैं इन्हें जायद में बुवाई कर अधिक उत्पादन लिया जा सकता है। डॉ सिंह आम की फसल पर प्रमुख रूप से किसानों को आगाह करते हुए बताया कि इस समय मौसम में परिवर्तन हो रहा है जिससे आम पर रस चूसने वाले कीटों की संख्या बढ़ेगी उन्होंने बताया कि आम पर हापर कीट बहुत तेजी से बढ़ता है किसानों को बताया कि समय पर इमिडाक्लोप्रिड 0.5 एमएल एवं क्लोरोपायरीफास 1 एम एल मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

प्रमुख रूप से मौसम परिवर्तित होने पर आम की फसल पर खर्रा एवं दहिया बीमारी तेजी से फैलती है इससे बचाव हेतु कार्बेंडाजिम 12% तथा मैनकोजेब 62% की 3 ग्राम मात्रा को प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करने की सलाह दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान के वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार ने किसानों को मेंथा, कैमोमाइल, सफेद मूसली एवं खस की खेती करने की तकनीकी जानकारी दी और बताया कि परंपरागत खेती की जगह पर औषधिय खेती से किसानों की आय बढ़ेगी । बीज भंडार के प्रभारी प्रमोद यादव ने केंद्र पर उपलब्ध उड़द मूंग एवं सूरजमुखी की उपलब्धता तथा मिलने वाली छूट के बारे में बताया। वरिष्ठ कृषि सहायक अधिकारी राना प्रताप सिंह ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कृषि की योजनाओं पर चर्चा किया तथा जिन किसानों को किसान सम्मान निधि अभी तक नहीं मिली है उन्हें बताया कि वह शीघ्र ही अपने प्रपत्र केंद्र पर जमा कर दें जिससे उनकी सम्मान निधि हेतु कार्यवाही कराई जा सके साथ में उन्होंने बक्शी का तालाब क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए सोलर पंप की भी जानकारी दी।

नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के प्रभारी बीके मिश्रा एवं जिला प्रभारी रामेंद्र कुमार सिंह ने संस्था द्वारा बनाए जाने वाले उत्पादों पर चर्चा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेशनल फर्टिलाइजर लिमिटेड के अयोध्या शेखर तिवारी एवं लेखा प्रतिनिधि संजय शर्मा, कृषि तकनीकी सहायक कोमल यादव, मोहनी सैनी, दीपक यादव, गगन एवं 80 से अधिक प्रगतिशील किसानों ने हिस्सा लिया और तकनीकी जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण के अंत में प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रश्नों का उत्तर देने वाले किसानों को संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# तहसील प्रांगण में आज अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन

अमर ख्याल । विपिन तिवारी




लहरपुर (सीतापुर) स्थानीय तहसील प्रांगण में आज अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन अधिवक्ता हाल में किया गया। बैठक में वर्ष 2023 की अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के गठन के लिए बैठक की अध्यक्षता, संस्थापक अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता हाजी साबिर अली एडवोकेट को अधिवक्ता वेलफेयर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनाए जाने का प्रस्ताव वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर लाल मिश्र ने किया जिसका अनुमोदन अधिवक्ता बाल कृष्ण वर्मा एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद बाजपेई ने किया, इस मौके पर उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने ध्वनिमत से हाजी साबिर अली को अध्यक्ष बनाए जाने का समर्थन किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से संजय गौड़, अनुज पांडे, रवि प्रकाश वर्मा, जेड आर रहमानी, श्रवण जयसवाल, हरिनाम सिंह, हरद्वारीलाल जयसवाल, श्रीकांत सिंह, रमेश चंद्र वर्मा, प्रशांत मिश्रा, राजीव मिश्रा, सुमन देवी, महेंद्र कुमार, सहित भारी संख्या में अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। नव मनोनीत अध्यक्ष हाजी साबिर अली ने सभी अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि, उनकी प्राथमिकता अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करना होगा।

# सूफी संत हजरत रमजान अली शाह उर्फ मुरली वाले बाबा की मजार पर मासिक उर्स और फातिया का आयोजन किया गया

अमर ख्याल । बिपिन तिवारी



लहरपुर (सीतापुर ) नगर के मोहल्ला गांधी नगर स्थित मशहूर खानकाह और महान सूफी संत हजरत रमजान अली शाह उर्फ मुरली वाले बाबा की मजार पर मासिक उर्स और फातिया का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अकीदत मंदो ने नजराने अकीदत पेश किए दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी और मजार के मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली के द्वारा फातिया चादर और गुलपोशी की रस्म अदा की गई अकीदत मंदो को तबर्रुक और लंगर तकसीम किया गया उर्स के मौके पर मौजूद अकीदत मंदो को खिताब करते हुए दरगाह कमेटी के सेक्रेटरी हाजी सोहराब अली कादरी ने कहा कि सूफी संतों और बुजुर्गों ने हमेशा सारी इंसानियत की भलाई और रहनुमाई की है इसीलिए उनकी मजारों पर सभी धर्म और वर्ग के लोग हाजिरी देकर फैज हासिल करते हैं दरगाह के मुतवल्ली हाजी मुन्नन अली ने कहा कि सूफी संतों के बताए हुए रास्ते पर चलकर इंसान दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाब होता है, शायर डॉक्टर अफजल लहरपुरी ने दुरूद और सलाम के नजराने पेश किए उर्स के मौके पर मास्टर अनवर बिस्वानी, जेड आर रहमानी एडवोकेट, मोहम्मद आफाक, कारी नूरुल हुदा मिसबाही, रुस्तम अली, अरफात अली, इस्लामुद्दीन, नूरुद्दीन, डॉक्टर जर्रार अली, मोहम्मद उमर, कासिम अली, मोहम्मद शाहबाज सहित बड़ी तादात में लोग मौजूद थे।

## पुरानी विवाद को लेकर मारपीट, महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा

**मिजार्मुराद। क्षेत्र के रखौना गांव में शुक्रवार की शाम पुरानी विवाद को लेकर राजकुमार राजभर को पड़ोसियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।मिजार्मुराद थाने पहुंच राजकुमार ने राजबिहारी, मनीष, प्रदीप व सन्तारा के खिलाफ मारपीट की तहरीर दिए।पुलिस ने भुक्तभोगी के तहरीर पर महिला समेत चार लोगों के खिलाफ 323, 504, 506 का मुकदमा दर्ज करते हुए घायल राजकुमार का दवा इलाज करवाया।**

# अज्ञात कारणों से लगी आग 60 बीघा गन्ना जलकर हुआ खाक



अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सीतापुर। थाना क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते गन्ने के खेत में आग लग गई अग्निकांड में 60 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया दमकल विभाग की टीम मौके पर देरी से पहुंची। क्षेत्र के गांव हीरापुर के मजरा कुंदौली में स्थित खेतों में अचानक आग लग गई लपटें उठती देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो पाया कि गन्ने की फसल जल रही थी लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग की टीम को सूचना दी। इस दौरान ग्रामीणों ने अपने संसाधनों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया आग की चपेट में आकर ग्राम पंचायत हीरापुर के मजरा कुंदौली निवासी हरिनाथ उत्तम वेद प्रकाश अरविंद दरबारी सियाराम जगन्नाथ वेद प्रकाश मिश्रा गुरु चरण समेत करीब 15 किसानों की कुल 60 बीघा गन्ने की फसल जलकर राख हो गई। करीब डेढ़ घंट के बाद मौके पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी इंस्पेक्टर रामराघव ने बताया कि मौके पर पुलिस टीम भी गई थी राजस्व विभाग के कर्मचारी नुकसान का आंकलन करेंगे।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपी को मिली 20 साल की कैद



अमर ख्याल । विपिन तिवारी

सिधौली सीतापुर। सिधौली थाना क्षेत्र मे नाबालिग लड़की को जानमाल की धमकी देकर उसका लैंगिक शोषण करने के आरोपी को न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है दुष्कर्मी पर 55 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है विशेष सत्र न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट राहुल प्रकाश द्वारा दिए गए इस निर्णय में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक गोविंद मिश्रा ने की। सिधौली थानाक्षेत्र के जल्लाबाद निवासी अनिल वर्मा के विरुद्ध 30 जुलाई 2020 को इस आशय की एक रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी वादी के मुताबिक आरोपी अनिल ने उसकी पुत्री को बहलाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। विरोध करने पर न सिर्फ उसके द्वारा वादी की लड़की को जानमाल की धमकी दी गई बल्कि उसे गर्भवती भी कर दिया गया इस बात की सूचना मिलने पर वादी ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई विवेचना करते हुए पुलिस ने न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष ने अपने कथन के समर्थन में सात साक्षी प्रस्तुत किए जिनके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य को सही पाते हुए न्यायाधीश ने आरोपी को घटना का दोषी करार दिया।

## पुलिस चौकी पर एसीपी ने किया पीस कमेटी का बैठक






मिजार्मुराद। क्षेत्र के करधना पुलिस चौकी पर शनिवार की शाम राजातालाब एसीपी अंजनी कुमार राय व मिजार्मुराद थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने ग्राम प्रधान व गांव के संभ्रांत लोगो के साथ बैठक किए।एसीपी ने दोनों समुदायों के साथ बैठक में कहां होली मिल जुलकर मनाए एक दूसरे के साथ हमेशा साथ खड़े रहे अगर कोई व्यक्ति रंग में भंग डालने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दे उसके खिलाफ कठोर करवाई किया जाएगा। वही एसीपी ने सब ए बारात की तैयारियों का जायजा लिया।इन दौरान करधना चौकी प्रभारी विनोद कुमार पटेल, एसआई हरिकेश यादव, एसआई अतुल कुमार त्रिपाठी समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन के सामने लेटकर युवक ने दी जान



मिजार्मुराद। स्थानीय थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के सामने तड़के सुबह 5 बजे रेलवे फाटक के पास वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन के सामने रेलवे ट्रैक पर लेटकर 38 वर्षीय युवक ने अपनी जान दे दी। जानकारी के अनुसार राजातालाब थाना क्षेत्र के तिलंगा गांव निवासी अमरनाथ दुबे उम्र (38) वर्ष परिवारिक कलह से तंग आकर शनिवार की तड़के 5 बजे भिखारीपुर गांव के सामने रेलवे फाटक के पास वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही शिवगंगा एक्सप्रेस के सामने रेलवे ट्रैक पर लेटकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया।शौच को जा रहे ग्रामीणों की नजर जब पड़ी तो इसकी सूचना पुलिस को दिए।सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने जेब मे मिले आधार कार्ड के जरिए मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ ही युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।मृतक युवक शराब पीने का आदी था व अपने चार भाइयों में तीसरे नम्बर का था।वही मृतक युवक अविवाहित बताया गया।

# मिजार्पुर जा रहे वरिष्ठ भाजपा नेता का हुआ जोरदार स्वागत





मिजार्मुराद। क्षेत्र के गौर (बंगलाचट्टी) पर शनिवार की दोपहर वाराणसी से मिजार्पुर जा रहे दिल्ली के वरिष्ठ भाजपा नेता कपील मिश्रा का स्वागत राष्ट्रवादी हिंदू महासभा के जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार मिश्रा ने अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण करते हुए किया व उनको श्री राम चरित मानस भेंट स्वरूप दिए।भाजपा नेता कपील मिश्रा ने कहां की हाल में त्रिपुरा-नगालैंड में भाजपा को बहुमत मिलने से विपक्ष पूरी तरह से घबड़ाई हुई है।विपक्ष को ये पता चल गया कि 2024 में भाजपा फिर से प्रचंड बहुमत से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।भाजपा सरकार में जितने भी कार्य हुई है सब विकास को देखते हुए हुआ है।इस दौरान स्वागत करने वालो में जिला उपाध्यक्ष अंकित चौबे, जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी, प्रकाश कुमार राय, हेमंत पाठक, अतुल, सुजीत कुमार , राजकुमार, अर्पित दुबे, अंकित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## स्कूल के लिए निकली दो नाबालिग छात्रा लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

**मिजार्मुराद।** मिजार्मुराद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी दो नाबालिग छात्रा स्कूल जाने को कहकर घर से बीते मंगलवार की सुबह निकली लेकिन शाम तक घर वापस नही आई तो दोनों परिवार के परिजनों द्वारा अपने आसपास व रिलेशन में काफी खोजबीन किया गया जब दोनो छात्राओ का कही पता नही चला तो शनिवार की सुबह मिजार्मुराद थाने पहुंच दोनो छात्राओ के पिता ने बेटी गायब होने की तहरीर दिया।मिजार्मुराद पुलिस ने तहरीर के आधार पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कर नाबालिग छात्राओ के तलाश में जुट गई।

## छात्राओ को निःशुल्क ड्रेस व पुस्तक वितरित



**मिजार्मुराद :** गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत मेधावी फाउंडेशन की ओर से संचालित जीडीए हेल्थ केयर नर्सिंग की 108 छात्राओ को ड्रेस एवं पुस्तक का वितरण किया गया।सरकार की ओर से निःशुल्क ड्रेस व पुस्तक पाकर छात्राओ के चेहरे खिल उठे। ड्रेस वितरण में महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम, फौजियाबानो, मंजूर अहमद, अमृता सिंह समेत अन्य उपस्थित रहे।

# सामाजिक शोध में पवित्रता एवं प्रासंगिकता आवश्यक : प्रोफेसर आनंद कुमार



**रोहनिया-** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा ने किया और कहा कि शोध की गुणवत्ता का मूल्यांकन मौलिक कार्यों के आधार पर ही किया जाना चहिए। मुख्य अतिथि प्रोफेसर आनंद कुमार ने भारतीय समाज का समाजशास्त्रीय अध्ययन - दशा एवं दिशा पर अपने अमूल्य विचार व्यक्त किए।अपने व्याख्यान में विकास भूमंडलीकरण ,जेंडर स्टडी, भागीदारी और स्वतंत्रता पर विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए ।विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रोफेसर रवि प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सामाजिक समस्यायों का अध्ययन हमें परिवर्तित संदर्भों को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इस अवसर पर कुलानुशासक प्रोफेसर अमिता सिंह, प्रोफेसर तेज बहादुर सिंह , प्रोफेसर भारती रस्तोगी ,डॉक्टर जयप्रकाश यादव, डॉ सौम्या यादव डॉक्टर चन्द्रशेखर ,डॉक्टर संजय सोनकर, सतीश गौतम, नंदलाल,रविदास, प्रमोद मौर्या एवं महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण एवम् विभाग के शोध छात्र/छात्राएं उपस्थिति रहे।संगोष्ठी का संचालन सोभा प्रजापति ने किया कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# उप जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी लोगों की फरियाद

**रोहनिया।** संपूर्ण समाधान दिवस में राजातालाब तहसील पर उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार द्विवेदी ने क्षेत्र के आए हुए फरियादियों का शिकायत सुनी। जिसके दौरान पुरसोत्तमपुर निवासी तारा देवी और मुन्नी देवी ने प्रधानमंत्री आवास की द्वितीय किस्त देने में हिला हवाली की शिकायत की है। उनका कहना था कि इन्हें प्रधानमंत्री आवास मिला है निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। द्वितीय किस्त विकासखंड सेवापुरी के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा है।जिससे निर्माण कार्य में परेशानी हो रही है। मिल्कीपुर पुरुषोत्तमपुर के ग्राम प्रधान अरविंद पाल ने नवीन परती भूमि में गांव के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलकूद मैदान बनाए जाने की मांग की है। रूपापुर की इंद्रावती देवी ने अपनी भूमि के नापी के संदर्भ में राजातालाब तहसील के एक कानूनगो के द्वारा अवैध रूप से 6 हजार रुपए लिए जाने और 24000 की और मांग किए जाने की शिकायत की है। महिला ने कानूनगो का नाम लिखत रूप में दिया है। अधिकारियों से बताया कि पैसे लेने के बाद भी जब नापी नहीं की गई तब उसने अपने रुपए वापस मांगे। पैसे वापस मांगे पर कानूनगो और उसके रिश्तेदार ने उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी।बरकी के अनूप कुमार दुबे ने नवीन परती सरकारी भूमि पर गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की की शिकायत की है।अनूप दुबे ने कब्जा करने वाले को भूमि माफिया घोषित कर अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर अधिकारी को पत्र दिया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

## एसवीएनएस में छात्राओ ने मनाया रंगोत्सव, उड़ाएं अबीर-गुलाल



**मिजार्मुराद।** गौर गांव स्थित स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में शनिवार को रंगोत्सव कार्यक्रम में छात्राओ ने जमकर होली खेलने के साथ ही अबीर-गुलाल उड़ाएं।छात्राओ ने होली खेले मसाने में...होली खेले रघुवीरा...मिथिला में राम खेलत होरी...होली आयी रे आयी...रंग डालूंगी रंग नंदलाल पर... समेत अन्य होली गीतों की धुन पर नृत्य प्रस्तुत की।एक-दूसरे को रंग-बिरंगे गुलाल से सराबोर किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक व भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, योगेश सिंह, डा.आशुतोष उपाध्याय, मुकेश यादव, फौजियाबानो, अमृता सिंह, वीरेंद्र विश्वकर्मा, राजेश सिंह, रामजी यादव, महेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह 'पिन्टू', अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित' समेत अन्य उपस्थित रहे।

# राजकीय महाविद्यालय में कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं कृषि संगोष्ठी का आयोजन





**रोहनिया।** राजकीय महाविद्यालय जाक्खिनी में शनिवार को एक दिवसीय कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं कृषि संगोष्ठी का आयोजन हुआ। कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं कृषि संगोष्ठी का उदघाटन एवं शुभारंभ मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह उप निदेशक कृषि वाराणसी, प्राचार्य डॉ उमाशंकर गुप्ता, विशिष्ट अतिथि डॉ अनंत बहादुर सिंह प्रधान वैज्ञानिक आईआईवीआर वाराणसी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह उप निदेशक कृषि वाराणसी ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र विद्यार्थी जीवन में दृढ़ इच्छाशक्ति एवं समावेशी ज्ञान प्राप्त करके उच्च पद प्राप्त कर सकते हैं।विशिष्ट अतिथि डॉ आनंद बहादुर सिंह प्रधान वैज्ञानिक, आईआईवीआर वाराणसी ने अपने संबोधन में कहा कि सब्जी उत्पादन में अपना देश दुनिया में प्रथम स्थान रखता है एवं फलों के उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है। उन्होंने सब्जी उत्पादन बढ़ाने के लिए सब्जी ग्राफ्टिंग, ड्रिप सिंचाई तकनीकी का प्रयोग करके किसान उत्पादन बढ़ा सकते हैं।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमाशंकर गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि कृषि क्षेत्रों में नवाचार शोध एवं तकनीकी का महत्व बढ़ गया है। देश कृषि की नवीन तकनीकी के माध्यम से अनाज के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है। छात्र-छात्राए रिसर्च के माध्यम से कैरियर बना सकते हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ शरद कुमार ने किया। कार्यक्रम के संयोजक योगेश चंद्र पटेल एवं आयोजन सचिव वेद प्रकाश गुप्ता थे। कार्यक्रम के अंत में वेद प्रकाश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापन किया।जिसके दौरान महाविद्यालय परिसर में बीएससी एजी के छात्र-छात्राओं ने कृषि संबंधित विभिन्न मॉडल एवं प्रोजेक्ट सहित विभिन्न प्रकार के विज्ञान प्रदर्शनी लगाया जिसका अवलोकन अतिथियों ने किया। जिसमें सर्वश्रेष्ठ मॉडल एवं प्रदर्शन के लिए बीएससी एजी सेवेंथ सेमेस्टर की टीम को प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि ने पुरस्कृत किया।



**इंदौर में सोना- चांदी के भाव में वृद्धि**

*स्थानीय सर्राफा बाजार में शनिवार को सोने के भाव में 100 रुपए प्रति 10 ग्राम एवं चांदी के भाव में 125 रुपए प्रति किलोग्राम की तेजी दर्ज की गई।*

## आंध्र प्रदेश में निवेशकों के लिए असीमित अवसर: किशन रेड्डी



एजेंसी ■विशाखापत्तनम

केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने निवेश के लिए आंध्र प्रदेश को आदर्श राज्य बताते हुए शनिवार को कहा कि यहां पर असीमित अवसर, जुनून, जोखिम लेने वाले उद्यमी, कुशल कार्यबल और प्रतिभाशाली युवाओं के साथ-साथ अंतहीन प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं। रेड्डी ने यहां आयोजित राज्य वैश्विक निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में दुनिया के एक-तिहाई यूनिकॉर्न मौजूद हैं और वर्ष 2025 तक इनकी संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी। इससे करोड़ों नौकरियां और रोजगार के अवसर पैदा होंगे। जब किसी स्टार्टअप कंपनी का बाजार मूल्य एक अरब डॉलर से ज्यादा हो जाता है तो उसे यूनिकॉर्न की श्रेणी में रखा जाता है। रेड्डी ने कहा, आंध्र प्रदेश असीमित अवसर, जुनून, जोखिम लेने वाले उद्यमी, कुशल कार्यबल और प्रतिभाशाली युवा और अंतहीन प्राकृतिक संसाधन प्रदान करता है। इसलिए, मुझे इस निवेशक सम्मेलन में भाग लेने वाले व्यापार जगत के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय नेताओं और विशेषज्ञों और बुद्धिजीवियों को देखकर खुशी हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाने की दिशा में प्रयास किए हैं और इसकी वजह से आज भारत असीमित संभावनाओं की जमीन बनकर उभरा है।

# अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति है बुनियादी ढांचे का विकास: मोदी

एजेंसी ■नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति मानती है और इससे भारत को वर्ष 2047 तक एक विकसित देश बनने में मदद मिलेगी। मोदी ने बुनियादी ढांचा एवं निवेश के विषय पर आयोजित एक बजट-पश्चात वेबिनार में कहा कि इस साल का बजट देश में बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास को नई ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा, हम बुनियादी ढांचे के विकास को अर्थव्यवस्था के लिए प्रेरक शक्ति मानते हैं। भारत इस रास्ते पर चलकर वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य हासिल कर लेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब



इस विकास की गति बढ़ाने और टॉप गियर में ले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसमें प्रधानमंत्री गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई अड्डा जैसे सभी क्षेत्रों में आधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इससे व्यवसायों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने और लॉजिस्टिक लागत कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन के अंतर्गत सरकार का वर्ष 2025 तक 110 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का पूंजी निवेश वित्त वर्ष 2013-14 की तुलना में पांच गुना बढ़ा है। वित्त वर्ष 2023-24 के बजट में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूंजीगत व्यय में 33 प्रतिशत वृद्धि करते हुए 10 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। मोदी ने कई उदाहरण देते हुए कहा, बुनियादी ढांचा किसी भी देश के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। ढांचागत क्षेत्र के इतिहास पर नजर रखने वाले लोग इस बात को बहुत अच्छी तरह जानते हैं। मोदी ने कहा कि कई दशकों तक भारत में ऐसी सोच लोगों के दिमाग में रही कि गरीबी एक गुण है और पूर्ववर्ती सरकारों को देश के बुनियादी ढांचे में निवेश करने में परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, हमारी सरकार ने देश को न सिर्फ इस सोच से निकाला बल्कि आधुनिक ढांचे पर यह बहुत निवेश भी कर रही है। प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार के कार्यकाल में राजमार्गों और हवाईअड्डों के विकास की तेज गति का जिक्र करते हुए कहा कि गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान भारत के ढांचागत एवं मल्टीमोडल लॉजिस्टिक परिदृश्य में नई जान फूंकने जा रहा है।

## एक नजर

### वीएफएस कैपिटल की 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

**कोलकाता।** सूक्ष्म-वित्त संस्थान वीएफएस कैपिटल अपनी वृद्धि एवं विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए अगले वित्त वर्ष में करीब 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी कुलदीप माइती ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष में कंपनी ने करीब 800 करोड़ रुपए जुटाए हैं। माइती ने शुक्रवार शाम को एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा, हमारा ध्यान अपनी शाखाओं का विस्तार करने और ऋण वितरण बढ़ाने पर है। इसके लिए हम वित्त वर्ष 2023-24 में करीब 1,500 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की तरह भारत में सूक्ष्म-वित्त संस्थानों को जमा लेने की अनुमति नहीं होने से उनके लिए वित्त का इंतजाम करना महंगा हो जाता है।

### वासन आई केयर का नियंत्रण लेने की दिशा में एएसजी हॉस्पिटल्स

**चेन्नई।** चिकित्सा सेवा देने वाली फर्म एएसजी आई हॉस्पिटल्स ने वासन आई केयर का परिचालन नियंत्रण अपने हाथ में लेने की दिशा में कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। एएसजी आई हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अरुण सिंघवी ने एक बयान में कहा कि इस सफल अधिग्रहण के बाद कंपनी को देश के भीतर अपनी मौजूदगी बढ़ाने में मदद मिलेगी। हालांकि उन्होंने कहा कि इस रणनीतिक अधिग्रहण के बाद भी वासन आई केयर एक अलग ब्रांड बना रहेगा। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण ने गत तीन फरवरी को वासन हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के अधिग्रहण के लिए एएसजी हॉस्पिटल्स की तरफ से पेश समाधान योजना को मंजूरी दे दी थी।

### इंदौर में चना कांटा के भाव में कमी

**इंदौर।** स्थानीय संयोगिता गंज अनाज मंडी में शनिवार को चना कांटा के भाव में 25 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट दर्ज की गई। दलहन चना (कांटा) 5000 से 5050, चना विशाल 4700 से 4850, काबली चना बिटकी 6200 से 6500, काबली चना काटकू 6400 से 6500, काबली चना मीडियम 7500 से 8000, काबली चना डालर 9000 से 9500, मसूर 5700 से 5750, तुअर (अरहर) निमाड़ी (नई) 7100 से 7800, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 7800 से 8000, तुअर (कर्नाटक) 8000 से 8200, मूंग 7000 से 8100, हल्का उड़द 3000 से 4000 रुपए प्रति क्विंटल। दाल तुअर (अरहर) दाल सवा नंबर 9700 से 9800 तुअर दाल फूल 10100 से 10300, पोहा 3800 से 4200 रुपए प्रति क्विंटल।

## कॉरपोरेट डायरी

### वस्तु, सेवा निर्यात 750 अरब डॉलर से अधिक रहने की उम्मीद: गोयल



एजेंसी ■नई दिल्ली

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि देश का वस्तु एवं सेवा निर्यात वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष में 750 अरब डॉलर से अधिक रह सकता है। वित्त वर्ष 2021-22 में देश का वस्तु निर्यात इतिहास में सबसे ज्यादा 422 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 254 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। इसके साथ ही वस्तु एवं सेवा का सम्मिलित रूप से निर्यात 676 अरब डॉलर रहा था। गोयल ने यहां आयोजित रायसीना डायलॉग 2023 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, हमने पिछले वित्त वर्ष में वस्तु एवं सेवा निर्यात में 650 अरब डॉलर का आंकड़ा पार किया था। इस साल हम इससे भी बड़े आंकड़े का लक्ष्य बना रहे हैं। हम पिछले साल के आंकड़े को पार कर चुके हैं और अब 750 अरब डॉलर के आंकड़े को पार करने की उम्मीद कर रहे हैं। वैश्विक मांग में मंदी आने के कारण भारत का निर्यात लगातार दूसरे महीने जनवरी में 6.6 प्रतिशत गिरकर 32.91 अरब डॉलर रह गया। इस वित्त वर्ष में अप्रैल से जनवरी के दौरान, वस्तु निर्यात 8.5 प्रतिशत वृद्धि के साथ 369.25 प्रतिशत हो गया जबकि सेवा निर्यात के इस दौरान 272 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वर्ष 2030 तक भारत का वस्तु एवं सेवा निर्यात दो लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा।

## एनएचपीसी के सीएमडी आर.के. विश्नोई सीबीआईपी इंडिविजुअल अवॉर्ड से सम्मानित



वैभव न्यूज ■फरीदाबाद

आर.के. विश्नोई, सीएमडी, एनएचपीसी को विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीबीआईपी इंडिविजुअल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। आर.के. विश्नोई ने दिनांक 03.03.2023 को नई दिल्ली में आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री से पुरस्कार प्राप्त किया। आर. के. विश्नोई के पास जलविद्युत परियोजना संरचनाओं के डिजाइन, इंजीनियरिंग और निर्माण में 35 से अधिक वर्षों का विशाल और समृद्ध अनुभव है। वे वर्ष 1989 में टीएचडीसीआईएल में इंजीनियर के स्तर पर शामिल हुए और विभिन्न क्षमताओं में कार्य करते हुए वर्ष 2013 में महाप्रबंधक के स्तर तक पहुंचे और उसके बाद वर्ष 2016 में कार्यकारी निदेशक के रूप में पदोन्नत हुए। डिजाइन विभाग का नेतृत्व करने के अलावा, उन्होंने कार्यपालक निदेशक, विष्णुगाड-पीपलकोटी हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (वीपीएचईपी) 444 मेगावाट का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। उनके पास टिहरी, कोटेश्वर और विष्णुगाड-पीपलकोटी जलविद्युत परियोजनाओं के साथ काम करते हुए कई प्रतिष्ठित उपलब्धियां हैं। वह सितंबर 2019 में टीएचडीसीआईएल के निदेशक (तकनीकी) बने और अगस्त 2021 में टीएचडीसीआईएल के सीएमडी के रूप में पदभार संभाला। विश्नोई बिट्स पिलानी से सिविल इंजीनियरिंग में ऑनर्स स्नातक हैं और उन्होंने एमबीए की योग्यता भी प्राप्त की है तथा मास्को, रूस की स्टेट यूनिवर्सिटी से हाइड्रोलिक संरचनाओं और जलविद्युत निर्माणों के डिजाइन और निर्माण में व्यावसायिक अपग्रेडेशन कार्यक्रम किया है। उन्होंने एसडीए बैकोनी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, इटली व एएससीआई, हैदराबाद के सहयोग से लीडिंग स्ट्रैटजिक चेंज में एडवांस मैनेजमेंट प्रोगाम में भी भाग लिया है। विश्नोई ने विश्व बैंक मुख्यालय, वाशिंगटन (यूएसए) के निमंत्रण पर पारस्परिक विचार-विमर्श के माध्यम से संविदाओं के संबंध में दिशानिर्देशों को तैयार करने के लिए विश्व बैंक विशेषज्ञ समूह के सदस्य के रूप में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे वर्तमान में बड़े बांधों के अंतर्राष्ट्रीय आयोग (आईसीओएलडी) की भारतीय समिति के अध्यक्ष हैं और बांधों की भूकंपीय सुरक्षा पर तकनीकी समिति के लिए आईसीओएलडी में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं। उन्होंने अनेक देशों जैसे यूएस (स्पोकेन एवं वाशिंगटन डीसी), रूस (सेंट पीटर्सबर्ग), चीन (चेंगडू एवं बीजिंग), ग्रीक (पोर्टो कैरस), टर्की (अंताल्या), कनाडा (ओटावा), सिंगापुर और नेपाल में प्रमुख विषयों पर विशिष्ट व्याख्यान दिए हैं।

## डीजल पर अप्रत्याशित लाभ कर घटाया, एटीएफ से हटाया गया



एजेंसी ■नई दिल्ली

सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर में कटौती करते हुए 0.50 रुपए प्रति लीटर करने के साथ ही विमान ईंधन एटीएफ पर लगने वाले कर को शून्य कर दिया है। सरकार की तरफ से शुक्रवार रात को जारी एक आदेश में यह जानकारी दी गई। इसके साथ ही घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर लगने वाले शुल्क में हल्की वृद्धि करने का भी फैसला किया गया है। ओएनजीसी जैसी तेल उत्पादक कंपनियों के कच्चे तेल उत्पादन पर लगने वाले शुल्क को 4,350 रुपए प्रति टन से बढ़ाकर 4,400 रुपए प्रति टन कर दिया गया है। जमीन एवं समुद्र के भीतर से उत्खनित कच्चे तेल का शोधन कर उसे पेट्रोल, डीजल एवं विमान ईंधन जैसे अलग-अलग ईंधनों में परिवर्तित किया जाता है। सरकार ने डीजल के निर्यात पर लगने वाले कर में भी कटौती कर उसे 2.5 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 0.5 रुपए प्रति लीटर कर दिया है। यह डीजल के निर्यात पर लगने वाला न्यूनतम अप्रत्याशित लाभ कर है। इसके अलावा निर्यात किए जाने वाले विमान ईंधन पर लगने वाले कर को 1.50 रुपए प्रति लीटर से घटाकर शून्य कर दिया गया है। नई कर दरें चार मार्च की तारीख से प्रभावी हो गई हैं। घरेलू ईंधनों पर कर कटौती का एक पखवाड़े में दूसरा मौका है। इसके पहले 16 फरवरी को भी ईंधनों पर लगने वाले कर में कटौती की गई थी। दरअसल हर पखवाड़े में इन कर दरों की समीक्षा कर जरूरी संशोधन किए जाते हैं। सरकार ने गत वर्ष जुलाई में पहली बार तेल उत्पादक कंपनियों पर अप्रत्याशित लाभ कर लगाया था।

## तेल-तिलहन में गिरावट का रुख

एजेंसी ■नई दिल्ली

दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को कारोबार में गिरावट का रुख दिखा तथा मूंगफली तेल तिलहन को छोड़कर बाकी अधिकांश तेल तिलहनों के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाकी तेल-तिलहनों के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि खाद्यतेलों के थोक भाव काफी टूट चुके हैं और अब इनके भाव सात आठ माह पहले की तुलना में आधे से भी कम रह गए हैं। हालांकि खुदरा बाजार भाव उस हिसाब से नहीं टूटा है। खुदरा बाजार में ग्राहकों को खाद्यतेल में इस गिरावट का उपयुक्त लाभ नहीं मिल पाने की सरकार को जांच करानी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि देश के एक तेल संगठन के प्रतिनिधि की ओर से खाद्य तेलों का वायदा कारोबार खोलने की मांग की गई है जो कि अनुचित है। इन तेल संगठनों का वायदा कारोबार से क्या लेना-देना है? उन्होंने कहा कि इसी वायदा कारोबार के कारण देश में तेल-तिलहन उत्पादन नहीं बढ़ पाया। वायदा कारोबार शुरु होने से पहले 1997-98 में देश में खाद्यतेलों का आयात लगभग 20-25 लाख टन का होता था। वहीं वायदा कारोबार शुरु होने के बाद से आयात बढ़कर अब लगभग 150 लाख टन हो गया है और इसमें आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। सूत्रों ने कहा कि कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के अर्जेंटीना और ब्राजील में सूरजमुखी एवं सोयाबीन के अपने तेल संयंत्र हैं और वे नहीं चाहतीं कि भारत तिलहन मामले में आत्मनिर्भर बने। तेल संगठनों के प्रतिनिधि उस समय खामोश थे जब सूरजमुखी तेल आयात भाव के मुकाबले लगभग 50 रुपए ऊपर प्रीमियम पर बेचा जा रहा था। सूरजमुखी का भाव जिस कदर टूटा है उससे देशी किसान सूरजमुखी की बुवाई करने से कतराएंगे। सरकार को मौजूदा समय में सस्ते आयातित तेलों पर लगाम लगाने की जरुरत है और इसके लिए जरूरी है कि इन खाद्यतेलों पर अधिक आयात शुल्क लगाकर देशी तेल तिलहनों की खपत की स्थिति पैदा की जाए।

## बंगाल के बारे में बनी उद्योग धारणा बदलने में समय लगेगा

एजेंसी ■कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एच के द्विवेदी ने शनिवार को कहा कि राज्य में उद्योग को लेकर पिछले चार दशकों में बनी धारणा को बदलने में समय लगेगा। द्विवेदी ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के एक कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि अतीत में राज्य से बड़े पैमाने पर उद्योग एवं पूंजी का पलायन हुआ है लेकिन अब कुछ आर्थिक सुधार दिख रहा है जो कि निवेशकों के लिए अच्छी खबरें लेकर आएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का सामाजिक व्यय राज्य के कुल बजट का लगभग 45 प्रतिशत है। पश्चिम बंगाल का सकल घरेलू

**राज्य सरकार का सामाजिक व्यय राज्य के कुल बजट का लगभग 45 प्रतिशत है।**

उत्पाद (जीडीपी) में कर्ज का अनुपात वर्ष 2011 के 45 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2022 में 32 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 100 औद्योगिक पार्क स्थापित करने की योजना है। इस मौके पर पश्चिम बंगाल की वाणिज्य और उद्योग मंत्री शशि पांजा ने कहा कि कोविड-19 महामारी के बावजूद वित्त वर्ष 2021-22 में राज्य का राजस्व संग्रह 20 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपए हो गया।

## इलेक्ट्रॉनिक्स, नवाचार में बदलाव का दौर, समान सोच वाले देशों को साथ आना चाहिए : चंद्रशेखर

एजेंसी ■नई दिल्ली

सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और नवाचार की दुनिया कोरोना काल के बाद बुनियादी बदलाव के दौर से गुजर रही है और प्रौद्योगिकी के उज्ज्वल भविष्य के लिए समान सोच वाले देशों को सहयोगात्मक ढांचा तैयार करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। चंद्रशेखर ने कहा कि नागरिकों को ऑनलाइन उपयोग के नुकसानों से बचाने के लिए भारत ने भारतीय इंटरनेट पर काम करने के लिए खुलेपन, सुरक्षा और भरोसे के साथ-साथ मंचों और कंपनियों के लिए



जवाबदेही की सीमा शर्तों को परिभाषित किया है। चंद्रशेखर ने यहां आयोजित रायसीना डायलॉग 2023 सम्मेलन में लोकतंत्र के ग्यारहः हमारे प्रौद्योगिकी भविष्य की रक्षा विषय पर आयोजित एक परिचर्चा में उम्मीद जताई कि वैश्विक सहयोग मिलने पर ए सिद्धांत अन्य देशों के बीच व्यापक भूमिका निभाएंगे। भारत में इंटरनेट प्रतिबंध से जुड़े एक सवाल पर चंद्रशेखर ने कहा कि भारत में ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं की कुल संख्या और सामग्री पारिस्थितिकी तंत्र की विविधता या विशालता के प्रतिशत के तौर पर इंटरनेट प्रतिबंध यहां पर दुनिया में सबसे कम है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इंटरनेट पर प्रतिबंध लगाने या किसी सोशल मीडिया पोस्ट को हटाने की प्रक्रिया कानून के हिसाब से अंजाम दी गई है और विशेष परिस्थितियों में सरकार ने कानून का पालन करते हुए ही इसका आदेश दिया है। कोविड के बाद डिजिटल आपूर्ति शृंखला, मूल्य शृंखला, नवाचार पारिस्थितिकी और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकि परिवेश गहरे संरचनात्मक बदलावों के दौर से गुजर रहे हैं।

## सरकार ने नैनो तरल डीएपी को दी मंजूरी, किसानों को होगा फायदा: मांडविया

एजेंसी ■नई दिल्ली

केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि किसानों को लाभ पहुंचाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने नैनो तरल डीएपी (डाई अमोनिया फॉस्फेट) उर्वरक बाजार में उतारने की मंजूरी दे दी है। मांडविया ने एक ट्वीट में कहा, नैनो यूरिया के बाद सरकार ने अब नैनो डीएपी को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने इसे उर्वरक के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में उठाया गया कदम बताते हुए कहा कि इससे किसानों को फायदा होगा। नैनो तरल डीएपी को वर्ष 2021 में पहली बार लाने वाले



उर्वरक सहकारी संघ इफ्को ने शुक्रवार को ही कहा था कि सरकार ने उसके नैनो डीएपी उर्वरक को बाजार में उतारने की मंजूरी दे दी है। इफ्को के प्रबंध निदेशक यूएस अवस्थी ने एक ट्वीट में कहा था कि इफ्को नैनो डीएपी को कृषि मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है और इसके उत्साहजनक परिणामों को देखते हुए इसे उर्वरक नियंत्रण आदेश में अधिसूचित किया गया है। अवस्थी ने कहा था कि इफ्को नैनो डीएपी का विनिर्माण करेगी जो भारतीय कृषि और अर्थव्यवस्था में बदलाव लाने वाला होगा।

**रायसीना डायलॉग** *सीतारमण ने रायसीना डायलॉग सम्मेलन को संबोधित किया*

## सरकार हर चीज बेचने की हड़बड़ी में नहीं : सीतारमण

एजेंसी ■नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि सरकार हर चीज बेचने की हड़बड़ी में नहीं है और वह दूरसंचार समेत चार रणनीतिक क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति बनाए रखेगी। रणनीतिक क्षेत्रों में मौजूदा सार्वजनिक क्षेत्र के वाणिज्यिक उद्यमों की न्यूनतम उपस्थिति को होल्डिंग कंपनी के स्तर पर सरकारी नियंत्रण में रखा जाएगा। इस क्षेत्र के बाकी उद्यमों को निजीकरण या किसी अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम (पीएसई) में विलय या बंद करने के बारे में विचार किया जाएगा। सीतारमण ने यहां आयोजित



रायसीना डायलॉग 2023 सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश में चार व्यापक रणनीतिक क्षेत्रों में सरकार के स्वामित्व वाली पेशेवर रूप से संचालित कंपनियां बनी रहेंगी। पीएसई नीति के तहत परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष एवं रक्षा, परिवहन एवं दूरसंचारअ बिजली, पेट्रोलियम, कोयला एवं अन्य खनिज और बैंकिंग, बीमा एवं वित्तीय सेवा को चार व्यापक रणनीतिक क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है। उन्होंने कहा, 'सरकार की नीति हर चीज को बेचने की हड़बड़ी करने की नहीं है.. ना ही इसका मतलब ए है कि सरकार सुई से लेकर फसल और हर चीज का उत्पादन करने लगेगी।

सरकार को जहां मौजूद नहीं होना है, वहां वह नहीं रहेगी। लेकिन जहां रणनीतिक हितों को देखते हुए मौजूद रहने की जरूरत होगी, वहां पर वह दूरसंचार जैसे क्षेत्रों में रहेगी। इन क्षेत्रों में सरकार की न्यूनतम उपस्थिति की अहमियत समझाते हुए वित्त मंत्री ने कहा, सरकार के मालिकाना हक वाली एक दूरसंचार कंपनी होगी और वह पेशेवर रूप से संचालित होगी। उन्होंने कहा, जो संस्थान अपने-आप संचालित होने में सक्षम हैं, उनकी बात अलग है।

लेकिन बहुत छोटी कंपनी में अगर कोई संभावना दिखती है तो हम उन्हें मिलाकर बड़ी इकाई बनाने की कोशिश करेंगे ताकि वह अपना संचालन खुद कर सकें। सीतारमण ने बजट भाषण में घोषणा की थी कि सरकार वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न सरकारी कंपनियों में हिस्सेदारी बेचकर 51,000 करोड़ रुपए जुटाएगी।



*15वें एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक वर्ल्ड कप में महिलाओं के अनईवन बार फाइनल इवेंट में अन्ना लाशचेव्स्का ने गोल्ड मेडल जीता जबकि नेथालिया वेस्टलेंड को सिल्वर एवं सेरिता मिकाओ को कांस्य मिला।*

एटीएक्स ओपन टेनिस:

# केटी वोलिनेट्स डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में

**एजेंसी ■ ऑस्टिन**

अमेरिका की टेनिस खिलाड़ी केटी वोलिनेट्स एटीएक्स ओपन के क्वार्टर फाइनल में हमवतन पीटन स्टर्न्स को 7-5 6-3 से शिकस्त देकर पहली बार डब्ल्यूटीए स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंची। इक्कीस साल की दो खिलाड़ियों के मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 92वें स्थान पर काबिज वोलिनेट्स ने शुक्रवार को पहले सेट में 5-0 की बढ़त के साथ शानदार शुरुआत की। वाइल्ड कार्ड धारी स्टर्न्स ने इसके बाद वापसी कर स्कोर को 5-5 से बराबर कर दिया। वोलिनेट्स ने हालांकि फिर से दबदबा बनाकर लगातार सात गेम जीतकर मैच पर अपनी पकड़ बना ली। अगले दौर में उनके सामने 88वीं रैंकिंग की खिलाड़ी वरवारा ग्रेचेवा की चुनौती होगी। रूस की ग्रेचेवा ने 2017 यूएस ओपन चैंपियन स्लोन स्टीफेंस को 7-6 6-3 से हराया। आठवीं वरीयता प्राप्त मार्ता कोस्त्युक ने अन्ना-लीना फ्रीडसम को 7-6 6-2 से हराकर 2023 में पहली बार किसी टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन की उपविजेता डेनिएल कोलिन्स की चुनौती से पार पाना होगा। चौथी वरीयता प्राप्त कोलिन्स ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अन्ना कालिंस्काया को 3-6 6-2 6-। शिकस्त दी।



## एक नजर

### तेंदुलकर फाउंडेशन समर्थित एनजीओ की जूनियर फुटबॉलर अंडर-20 भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन (एसटीएफ) द्वारा समर्थित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) श्रीजा इंडिया के धातीग्राम सेंटर की टीम का हिस्सा रह चुकी प्रतिभाशाली फुटबॉलर सोनाली सोरेन ने हाल में अपना जूनियर अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। सोनाली ने ढाका में अंडर-20 सैफ महिला चैम्पियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया। सोनाली ने अपना फुटबॉल करियर श्रीजा इंडिया के सेंटर की टीम में खेलकर शुरू किया था। इसी एनजीओ की एक और खिलाड़ी स्वप्ना को उस बंगाल फुटबॉल टीम में शामिल किया गया था जो अंडर-17 खेलो इंडिया युवा खेलों में खेली थी। एसटीएफ श्रीजा इंडिया की 100 से ज्यादा बालिकाओं के लिए फुटबॉल कार्यक्रमों का समर्थन करता है जिसमें फुटबॉल ट्रेनिंग, जर्सी, पोषण समर्थन, शिक्षा और अन्य जरूरतें शामिल हैं।

### पत्नी अनुष्का के साथ कोहली ने महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की

**उज्जैन (मध्य प्रदेश)।** क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा ने शनिवार तड़के मध्य प्रदेश के उज्जैन शहर के महाकालेश्वर मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और उनकी पत्नी ने सुबह चार बजे भस्म आरती की। यह जोड़ा करीब 30 मिनट तक मंदिर के नंदी हॉल में बैठा रहा। उन्होंने गर्भगृह में पंचामृत पूजा अभिषेक भी किया। कोहली इस दौरान धोती पहने हुए थे। वह गले में रुद्राक्ष की माला पहने थे जबकि और सिर पर चंदन का लेप लगा हुआ था। अनुष्का ने यहां हल्के गुलाबी रंग की साड़ी पहनी हुई थी। उन्होंने मंदिर में एक घंटे से अधिक समय बिताया। मंदिर से निकलने के बाद अनुष्का ने पत्रकारों से कहा, हम यहां दर्शन के लिए आए और सब कुछ अच्छे से हुआ। शुक्रया। कोहली ने कहा, जय महाकाल...आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में शुक्रवार को भारतीय टीम को नौ विकेट से शिकस्त मिली थी। कोहली ने इस मैच की पहली पारी में 22 रन और दूसरी में 13 रन बनाए। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है।

### अटवाल कट से चूके, भाटिया संयुक्त 11वें स्थान पर

**रियो डी ग्रांडे (प्यूर्टो रिको)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल प्यूर्टो रिको ओपन के दूसरे दौर में यहां एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बावजूद कट में जगह बनाने से चूक गए। अटवाल ने पहले दौर में 77 का खराब स्कोर किया था जिससे उनका कुल स्कोर चार ओवर का रहा। कार्सन यंग ने पांच अंडर 67 का कार्ड खेल और दो दौर के बाद वह चार शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है। उनका कुल स्कोर 14 अंडर 130 है और वह पीजीटी टूर पर अपना पहला खिताब जीतने के लिए अच्छी स्थिति में है।

## शॉर्ट न्यूज

### जायसवाल का दूसरी पारी में भी शतक



**ग्वालियर।** भारतीय टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार यशस्वी जायसवाल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए दूसरी पारी में भी शतक जमाया जिसके दम पर शेष भारत ने शनिवार को यहां ईरानी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश के सामने 437 रन का मुश्किल लक्ष्य रखा। पहली पारी में 213 रन बनाने वाले जायसवाल ने दूसरी पारी में 144 रन की लाजवाब पारी खेली जिससे शेष भारत अन्य बल्लेबाजों की नाकामी के बावजूद 246 रन बनाने में सफल रहा। शेष भारत ने पहली पारी में 484 रन बनाए थे जिसके जवाब में पिछले सत्र का रणजी चैंपियन मध्य प्रदेश 294 रन बनाकर आउट हो गया था। मध्य प्रदेश में मुश्किल लक्ष्य के सामने चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट पर 81 रन बनाए हैं और वह लक्ष्य से अभी 356 रन पीछे है। उसका दारोमदार कप्तान हिमांशु मंत्री पर है जो 51 रन बनाकर खेल रहे हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर खड़े हरीश गवली ने 15 रन बनाए हैं। मध्य प्रदेश की दूसरी पारी की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पारी की दूसरी गेंद पर ही सलामी बल्लेबाज अरहाम अकील का विकेट गंवा दिया जिन्हें तेज गेंदबाज मुकेश कुमार ने पगबाधा आउट किया। स्पिनर सौरभ कुमार ने इसके बाद शुभम शर्मा (13) को बोल्ड करके पवेलियन भेजा। हिमांशु और हरीश ने इसके बाद दिन के बाकी बचे 12 ओवर में टीम को कोई झटका नहीं लगने दिया। चौथे दिन के नायक फिर से जायसवाल रहे जिन्होंने दूसरी तरफ से विकेट गिरने के बावजूद न सिर्फ एक छोर संभाले रखा बल्कि सहजता से रन भी बटोरे। उन्होंने अपनी पारी में 157 गेंदों का सामना किया तथा 16 चौके और तीन छक्के लगाए। शेष भारत ने सुबह अपनी पारी एक विकेट पर 85 रन से आगे बढ़ाई लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन (28) अपने कल के स्कोर में केवल दो रन जोड़कर आउट हो गए। इसके बाद बाबा इंद्रजीत (00), यश धुल (00) और उपेंद्र यादव (13) भी जल्दी पवेलियन लौट गए जिससे स्कोर पांच विकेट पर 122 रन हो गया। इसके बाद अतीत सेठ (30) ने कुछ देर तक जायसवाल का साथ दिया। इन दोनों ने छठे विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी की। यह यह साझेदारी टूटने के बाद पुलकित नारंग (नाबाद 15) ही कुछ योगदान दे पाए। जायसवाल आठवें विकेट के रूप में पवेलियन लौटे जिसके बाद शेष भारत की पारी सिमटने में देर नहीं लगी। मध्य प्रदेश की तरफ से आवेश खान, सारांश जैन, शुभम शर्मा और अंकित कुशवाहा ने दो-दो विकेट लिए।

### पॉल और मिनौर में होगा मैक्सिको ओपन का खिताबी मुकाबला

**अकापुल्को (मैक्सिको)।** टॉमी पॉल ने साढ़े तीन घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में हमवतन अमेरिकी और लंबे समय से अपने प्रतिद्वंद्वी टेलर फ्रिट्ज को 6-3, 6-7(2), 7-6(2) से हराकर मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। ए दोनों खिलाड़ी 25 साल के हैं और किशोरावस्था से एक दूसरे का सामना करते रहे हैं। उनका पहला मुकाबला 2011 में अमेरिका की अंडर-14 राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हुआ था। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मैच में पॉल को फ्रिट्ज पर जीत दर्ज करने के लिए साढ़े तीन घंटे तक जूझना पड़ा। पॉल इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले तीसरे अमेरिकी खिलाड़ी हैं। फाइनल में उनका मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर से होगा, जिन्होंने डेनमार्क के हुल्गर रून को 3-6, 7-5, 6-2 से हराया।

### लीपजिग को 2-1 से हराकर डॉर्टमुंड बुंडेसलीगा तालिका में शीर्ष पर

**बर्लिन।** कप्तान मार्को रेउस और एमरे कैन के गोल से डॉर्टमुंड ने बुंडेसलीगा (जर्मनी की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) मुकाबले में शुक्रवार को लीपजिग को 2-। से शिकस्त दी और तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया। रेउस ने 21वें मिनट में पेनल्टी पर गोल कर टीम को बढ़त दिलाई जबकि कैन ने 39वें मिनट में इसे दोगुना कर दिया। लीपजिग के लिए मैच का इकलौता गोल एमिल फोर्सबर्ग ने मैच के 74वें मिनट में किया। इस जीत से डॉर्टमुंड की टीम बायर्न म्यूनिख पर तीन अंक की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। डॉर्टमुंड के लिए रेउस का यह 159 वां गोल था। इससे उन्होंने माइकल जोरक के रिकॉर्ड की बराबरी की।

# बेहतर घरेलू प्रतिभाओं से दिल्ली कैपिटल्स का आरसीबी पर पलड़ा भारी

**एजेंसी ■ मुंबई**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम रविवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो आरसीबी कप्तान स्मृति मंधाना की संयमित बल्लेबाजी के सामने आक्रामक बल्लेबाज शेफाली वर्मा की चुनौती होगी। आरसीबी ने अच्छे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया है जिसमें एलिस पैरी, हीथर नाइट और सोफी डेविने शामिल हैं और उसके पास मंधाना के रूप में बेहतरीन कप्तान भी हैं जो लीग की सबसे ज्यादा राशि 3.40 करोड़ रूपए में बिकने वाली खिलाड़ी हैं। टीम में रिचा घोष हैं जिससे टीम मजबूत दिखती है। लेकिन अगर भारतीय प्रतिभाओं को देखा जाए तो कागज पर कई बार की विश्व कप विजेता महान आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स अपने प्रतिद्वंद्वी पर थोड़ी भारी है। लैनिंग के साथ जेस जोनासेन, मरिजाने काप और एलिस कैप्से चार विदेशी खिलाड़ी होने की संभावना है लेकिन दिल्ली का भारतीय लाइन-अप मजबूत होने के साथ खतरनाक भी है। शेफाली, जेमिमा रोड्रिग्स, शिखा पांडे, पूनम यादव, अरूंधती रेड्डी, तानिया भाटिया, राधा यादव सभी भारत की अनुभवी खिलाड़ी हैं। अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज टिटास साधु, कश्मीर की जासिया अख्तर और विकेटकीपर अपर्णा मंडल टीम में शामिल है। दिल्ली कैपिटल्स ने सर्वश्रेष्ठ संभावित भारतीय प्रतिभाएं चुनी हैं। लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति में कहा, मेरी कुछ खिलाड़ियों से बातचीत हुई और मैं उनके मजबूत पक्ष जाने की कोशिश कर रही हूं कि वे कैसे खेलना चाहेंगी और वे क्या सोचती हैं। उम्मीद है कि मैं इन लड़कियों से कुछ सीख सकूंगी और उन्हें थोड़ी बहुत जानकारी भी दूंगी मंधाना के लिए चार विदेशी खिलाड़ी चुनना आसान है जो काप, नाइट, पैरी और तेज गेंदबाज मेगान शट हैं। लेकिन उनकी समस्या होगी कि वह कम से कम चार भारतीय खिलाड़ियों के स्थान निश्चित करें। इसमें से तीन स्वतः विकल्प रहें जिसमें कप्तान खुद, रिचा और तेज गेंदबाज रेणुका ठाकुर शामिल हैं।

**टीमें इस प्रकार हैं:**

**दिल्ली कैपिटल्स:** मेग लैनिंग (कप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, जेस जोनासेन, एलिस कैप्से, तारा नौरिस, लॉरा हैरिस, मरिजाने काप, पूनम यादव, शिखा पांडे, तानिया भाटिया (विकेटकीपर), अपर्णा मंडल (विकेटकीपर), टिटास साधु, अरुंधति रेड्डी, राधा यादव, मीनू मनी, जासिया अख्तर।

**आरसीबी :** स्मृति मंधाना (कप्तान), रिचा घोष (विकेटकीपर), डेन वान निकर्क, हीथर नाइट, एलिसे पैरी, मेगन शट, सोफी डेविने, एरिन बर्न्स, दिशा कासत, सहाना पवार, रेणुका ठाकुर, कोमल जंजाद, पूनम खेमनार, कनिका आहूजा, प्रीति बोस, शोभना आशा, श्रेयंका पाटिल और इंद्राणी रॉय (विकेटकीपर)।

**मैच भारतीय समयानुसार शाम साढ़े सात बजे से शुरू होगा।**

## डब्ल्यूपीएल में भारतीय खिलाड़ियों को मिलनी चाहिए थी कप्तानी: अंजुम

**एजेंसी ■ मुंबई**




भारत की पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में ज्यादातर विदेशी खिलाड़ियों को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी देने पर निराशा जताते हुए कहा कि सक्षम भारतीय खिलाड़ियों को यह जिम्मेदारी सौंपी जानी चाहिए थी। अंजुम ने एक ऑनलाइन मीडिया सत्र में कहा, मुझे यह पसंद नहीं आया कि अधिकांश टीमों ने विदेशी खिलाड़ियों को कप्तान के रूप में चुना है। यह एक भारतीय लीग है और भारतीय परिस्थितियों में खेली जाएगी। ऐसे में अगर भारतीय खिलाड़ियों के पास क्षमता है तो उन्हें कप्तान होना चाहिए था। मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने क्रमशः हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना के रूप में भारतीय खिलाड़ियों को कप्तान बनाया है अन्य टीम ने नेतृत्व के लिए ऑस्ट्रेलिया की खिलाड़ियों पर भरोसा किया है। इसमें मेग लैनिंग (दिल्ली कैपिटल्स), बेथ मूनी (गुजरात जाइंट्स) और एलिसा हीली (यूपी वॉरियर्स) कप्तान की भूमिका में होंगी। अंजुम ने कहा, मेरा मानना है कि दीप्ति शर्मा (यूपी वॉरियर्स) को कप्तान बनाया जाना चाहिए था। उसने महिला टी20 चैलेंज में टीम का नेतृत्व किया था। अंजुम ने हालांकि इस बात पर सहमति जताई कि छह बार की टी20 विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया के पास भारतीयों की तुलना में अधिक अनुभवी खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी विश्व चैंपियन हैं और उनके पास अपने देश में टीमों का नेतृत्व करने का अनुभव है।

## सानिया आरसीबी महिला खिलाड़ियों को खेल के मानसिक पहलुओं से रू-ब-रू करवाएंगी

**एजेंसी ■ मुंबई**



दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरुआती सत्र में वह खिलाड़ी के तौर पर वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के युवा क्रिकेटरों को मानसिक पहलुओं से निपटने के बारे में बताएंगी। सानिया को आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए अपना मार्गदर्शक (मेंटोर) बनाया है। आरसीबी का नेतृत्व भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना कर रही है और टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। आरसीबी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें सानिया टीम के खिलाड़ियों से बातचीत करती दिख रही है। सानिया ने इस वीडियो में कहा, मैं क्रिकेट के बारे में कुछ नहीं जानती। मैंने सोचा (जब मुझे मेंटोर बनाया गया था) मैं क्या करने जा रही हूं, मैं लड़कियों से क्या बात करूंगी। मैंने हाल ही में खेल को अलविदा कहा है। मैंने सोचा कि जीवन में मेरा अगला कदम भारत की महिला खिलाड़ियों को मदद करना होगा। सानिया ने कहा, किसी भी खेल में मैं मानसिक पहलू को लेकर मदद कर सकती हूं।

**श्रृंखला** टेलर ने इंदौर की पिच रेटिंग को सही करार दिया

## भारत में खराब पिचों का इस्तेमाल हुआ : मार्क टेलर

**एजेंसी ■ मेलबर्न**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान मार्क टेलर ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए अब तक इस्तेमाल की गई तीनों पिचों की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह की पिच तैयार करने में कुछ हद तक चालबाजी की गई है। भारत चार मैचों की श्रृंखला में 2-। से आगे है और अहमदाबाद में एक टेस्ट मैच खेला जाना बाकी है। नागपुर और नई दिल्ली की पिचों को आईसीसी ने औसत रेटिंग दी जबकि मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड द्वारा इंदौर की पिच को खराब करार दिया गया। इस खराब रेटिंग से इंदौर को तीन डिमैरिट अंक भी मिले और ए अंक पांच साल की अवधि के लिए बने रहेंगे। भारतीय टीम दोनों पारियों में 109 और 163 रन के स्कोर पर सिमट गई थी जबकि आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 197 रन बनाए और फिर तीसरे दिन सुबह उसने 76 रन के लक्ष्य का पीछा कर जीत हासिल की। टेलर ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से इंदौर की पिच रेटिंग को सही करार देते हुए कहा, मैं इससे सहमत हूं। मुझे निश्चित रूप से लगता है कि श्रृंखला के लिए पिचें पूरी तरह से खराब रही हैं। ईमानदारी से कहूं तो इंदौर की पिच तीनों में से सबसे खराब थी। मुझे नहीं लगता कि पिच पर पहले दिन से ही स्पिनरों को इतनी मदद मिलनी चाहिए। इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा, मैच के चौथे या पांचवें दिन अगर ऐसा होता है तो चीजें समझ में आती है लेकिन अगर पहले दिन से ही गेंद इतना अधिक टर्न ले तो यह खराब (पिच) तैयारी का नतीजा है। मुझे लगा कि इंदौर की पिच बहुत खराब है और उसी हिसाब से रैंकिंग दी जानी चाहिए थी। भारत के पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर हालांकि इंदौर की पिच को खराब रेटिंग दिए जाने से खुश नहीं है। उन्होंने गाबा की पिच का उदाहरण दिया, जहां दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट दो दिन के भीतर समाप्त होने के बावजूद आईसीसी द्वारा औसत से खराब रेटिंग दी गई थी। टेलर ने उनसे असहमति जताते हुए कहा कि ब्रिसबेन की पिच दोनों टीमों के लिए समान थी जबकि भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट के लिए पूरी से स्पिनरों की मददगार पिच तैयार की गई थी। ऑस्ट्रेलिया के इस कप्तान ने कहा, गाबा की पिच से दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों को भी ऑस्ट्रेलिया के बराबर मदद मिली थी क्योंकि उनके पास चार बहुत अच्छे तेज गेंदबाज थे। भारतीय पिचों के मामले में ऐसा नहीं है।

## शमी चौथे टेस्ट में करेंगे वापसी


### पिच पूरी तरह स्पिनरों के मुफीद होने की संभावना कम


**एजेंसी ■ नई दिल्ली**

भारत के सबसे वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। शमी को कार्यभार प्रबंधन के तहत इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से विश्राम दिया गया था। भारतीय टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ के परामर्श से आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और एकदिवसीय विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन की योजना बनाई है। शमी शुरुआती दो टेस्ट खेले थे और वह एकदिवसीय टीम का भी हिस्सा हैं। इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह उमेश यादव को शामिल किया गया था। शुरुआती तीन टेस्ट में सिराज ने सिर्फ 24 ओवर गेंदबाजी की है और 17 से 22 मार्च तक खेले जाने वाले तीनों एकदिवसीय में उनके अंतिम एकादश में शामिल रहने की संभावना है। ऐसे में उन्हें मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट में विश्राम दिया जा सकता है। शमी इस श्रृंखला में अब तक सबसे बेहतर तेज गेंदबाज रहे है। उन्होंने दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी की है और सात विकेट चटकाए है। मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को उनकी अधिक जरूरत होगी। ऐसी पिच रिवर्स स्विंग के लिए अनुकूल हो सकती है। भारत चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-। से आगे चल रहा है

पुस्तक

# संत राजिंदर सिंह जी महाराज की पुस्तक 'मंज़िले नूर' के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन




ध्यान-अभ्यास के विश्व-विख्यात आध्यात्मिक गुरु और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध लेखक संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने सीरी फोर्ट ऑडिटोरियम में मंज़िले नूर पुस्तक के अंग्रेजी अनुवाद का विमोचन किया। महान सूफ़ी-संत शायर दर्शन सिंह जी महाराज द्वारा लिखित यह पुस्तक 'मंज़िले नूर' गुरु नानक देव जी महाराज के जीवन और उनकी शिक्षाओं पर आधारित है। इस पुस्तक को गुरु नानक देव जी महाराज के 500वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सन् 1969 में पहली बार प्रकाशित किया गया था। जिसके लिए संत दर्शन सिंह जी महाराज को सन् 1972 में ऊर्दू एकेडमी द्वारा 'महान सूफ़ी शायर' की उपाधि से सम्मानित किया गया।

संत दर्शन सिंह जी महाराज की सूफ़ी-शायरी आने वाले कई दशकों तक आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले प्रभु-प्रेमियों का मार्गदर्शन करती रहेंगी। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज द्वारा अनुवादित मंज़िले नूर पुस्तक में दिया गया एक-एक शेर संपूर्ण विश्वभर के लोगों की आत्माओं को रूहानी उभार प्रदान करेगा।

कार्यक्रम की शुरूआत में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज, माता रीटा जी, हरदीप सिंह पुरी, आवास व शहरी विकास तथा पैट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्री और श्रीमती लक्ष्मी पुरी जी का फूलों के गुलदस्ते देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात इन सभी ने पारंपरिक रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया।

पुस्तक विमोचन समारोह में संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने कहा कि मुझे मंज़िले नूर पुस्तक के अंग्रेजी संस्कारण का विमोचन करते हुए बड़ी ही खुशी हो रही है कि इसके ज़रिये प्रत्येक व्यक्ति तक गुरु नानक देव जी महाराज का संदेश पहुंचेगा ताकि वो अपना जीवन शांति, खुशी, दिव्य-प्रेम और एकता से जीते हुए अपने अंतर में प्रभु की ज्योति के साथ जुड़ सकें। गुरु नानक देव जी महाराज ने हजारों लोगों के जीवन को रोशन किया, ताकि वे आध्यात्मिक रूप से जागृत हों क्योंकि गुरु नानक देव जी महाराज स्वयं प्रभु के प्रकाश से भरपूर थे।

पुस्तक में दिये गए अनेक शेरों की व्याख्या करते हुए संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने फ़रमाया कि गुरु नानक देव जी महाराज ने लाखों लोगों को पिता-परमेश्वर को अपने अंतर में अनुभव करने के मार्ग पर चलाया।

गुरु नानक देव जी महाराज चाहते थे कि हम सही मायनों में यानि आत्मिक रूप में अपने आपको जानें और पिता-परमेश्वर से एकता का अनुभव करें। उन्होंने पुरुष और नारी में समानता तथा ईमानदारी से अपनी आजीविका कमाने पर बहुत जोर दिया है, जिसे हम सभी को अपने जीवन में ढालना चाहिए। अंत में उन्होंने कहा कि मेरी यह प्रार्थना है कि गुरु नानक देव जी की दयामेहर हम सब पर बनी रहे और यह पुस्तक हम सभी के जीवन को प्रभु की ज्योति से भरपूर कर दे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरदीप सिंह पुरी ने अपने संदेश में कहा कि मैं संत राजिन्दर सिंह जी महाराज का धन्यवाद करना चाहूँगा कि उन्होंने इस पुस्तक का अंग्रेजी भाषा में अनुवाद करके बहुत ही महान कार्य किया है क्योंकि यह पुस्तक व्यक्ति के अंतर्मन की भावनाओं को छूती है। इस पुस्तक में दिये गए 96 शेरों में गुरु नानक देव जी के शांति, एकता और सेवा के संदेश को समझाया गया है। पुस्तक में मूल रूप से ऊर्दू के शेरों को अंग्रेजी भाषा में अनुवाद करके उन्हें हिन्दी और रोमन भाषा में भी दिया गया है ताकि हरेक व्यक्ति उन्हें समझ सके।

सूफी-संत शायर दर्शन सिंह जी महाराज की दूरदर्शिता, ज्ञान और नम्रता आज हमें संत राजिन्दर सिंह जी महाराज में देखने को मिलती है, जो बात का सर्वोच्च उदाहरण हैं कि सदाचारी जीवन और भक्ति मार्ग पर हम कैसे चल सकते हैं। इस कार्यक्रम का समापन एक खूबसूरत अंदाज से हुआ, जब संत राजिन्दर सिंह जी महाराज सभी दर्शकों के बीच आए और उन्होंने स्वयं कई लोगों की पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए।

पुस्तक मेला

# स्मृतियों को बचाना आवश्यक : विष्णु नागर



लेखक की स्मृतियों को बचाया जाना चाहिए। स्मृतिविहीन होते जा रहे समाज में यह अत्यंत दुष्कर कार्य है तब भी मानवीय अर्थवत्ता के लिए इसकी जरूरत बनी रहेगी। स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए सुप्रसिद्ध कवि विष्णु नागर ने कहा कि स्वयं प्रकाश सामाजिक सरोकारों वाले बड़े लेखक थे। नागर ने उनकी प्रसिद्ध कहानियों नीलकांत का सफर, गौरी का गुस्सा और पार्टीशन की चर्चा भी की।


विश्व पुस्तक मेले के लेखक मंच पर हुए इस आयोजन में वर्ष 2021 के लिए मनोज कुमार पांडेय को उनके कहानी संग्रह बदलता हुआ देश तथा वर्ष 2022 के लिए शिरीष खरे को उनकी कथेतर कृति एक देश बारह दुनिया के लिए स्वयं प्रकाश स्मृति सम्मान दिए गए। वरिष्ठ कवि इब्बार रब्बी की अध्यक्षता में दोनों लेखकों को शॉल, प्रशस्ति पत्र और ग्यारह हजार रुपए की राशि भेंट की गई। प्रशस्ति पाठ सुमन परमार और राघवेन्द्र रावत ने किया।

अध्यक्षता कर रहे कवि इब्बार रब्बी ने कहा कि सम्मान के लिए जिन दोनों लेखकों का चयन किया गया है वे स्वयं प्रकाश जैसे कथाकारों की लेखन परंपरा का विकास करते हैं। उन्होंने स्वयं प्रकाश को याद करते हुए कहा कि अपनी कहानियों के लिए उन्हें कभी भूला नही जा सकता।

सम्मानित लेखकों ने अपनी कृतियों से कुछ अंशों का पाठ किया तथा दोनों ने सम्मान स्वीकार करते हुए काशीनाथ सिंह, राजेश जोशी तथा असग़र वजाहत की चयन समिति का आभार प्रदर्शित किया। सम्मानित कथाकार मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि प्रारम्भिक उत्साह के बाद अब लेखन का दायित्व महसूस होता है जब स्वयं प्रकाश सरीखे कथाकार की परम्परा में मुझ जैसे नए लेखक का नाम लिया जा रहा है। वहीं शिरीष खरे ने कहा कि उन्हें लेखक होने का कोई अहसास ही नहीं था और वे जिस सामान्य परिवेश से आते हैं वहां लेखक होना दुर्लभ बात है।

# 'जॉन एलिया का जिन' नाटक का लोकार्पण


पुस्तक मेले में युवा शायर इरशाद ख़ान सिकंदर के नाटक 'जौन एलिया का जिन' का लोकार्पण राजपाल एण्ड सन्ज़ के स्टॉल पर हुआ। प्रसिद्ध शायर फ़रहत एहसास जिन्होंने इस नाटक की भूमिका लिखी है , वे लोकार्पण के मुख्य अतिथि थे, साथ में थे इरशाद ख़ान सिकंदर और सुपरिचित लेखक प्रभात रंजन। इन तीनों के बीच नाटक और उसके मुख्य किरदार पर रोचक बातचीत हुई। फ़रहत साहब ने एक नया शब्द बताया, सुना-सुन्नी शायर यानी ऐसा शायर जिसको सिर्फ़ सुनने में मज़ा आए पढ़ने में नहीं। उन्होंने जौन की शायरी पढ़ने की शैली को शियाओं की मजलिस से जोड़ते हुए बताया कि जिस तरह




से मजलिसों में नाटकीय तरीक़े से मातम मनाया जाता है जौन उसी तरह से शेर सुनाते थे। इस नाटक में जौन की नाटकीय ज़िंदगी से जुड़ी बातें और उनकी शायरी का भी बहुत अच्छा इस्तेमाल किया गया है। नाटक में एक जिन है जो जौन से सवाल करता रहता है। शायर मीर तकी मीर, ग़ालिब और मंटो भी आ जाते हैं। बहुत ही शोध के साथ लिखे गए यह पढ़ने में बहुत शानदार नाटक है।

आर्ट एंड कल्चर

# 24 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग से ऑयल पोर्ट्रेट बनाने वाले भारत के पहले कलाकार





धनराज इन्वेंटर और आर्टिस्ट महादेवराव मिस्त्री शेलके के प्रपौत्र हैं, जिन्होंने वर्ल्ड वॉर 2 के समय कोयले से चलने वाली कार और ट्रक बनाए थे। वह पुणे स्थित भारती विद्यापीठ से फाइनेंस एंड एचआर के टॉपर रहे हैं लेकिन, धनराज ने अपने दिल की सुनी और अब 18 और 24 कैरेट गोल्ड के इस्तेमाल से आयल पोर्ट्रेट बनाते हैं। उनका काम देश और विदेश में और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे इट्सी, गूगल, फाइन आर्ट अमेरिका आदि पर उपलब्ध है। सलमान खान, माधुरी दीक्षित नेने और महेश मांजरेकर कुछ सेलिब्रिटी हैं जिनके पोर्ट्रेट वह बना चुके हैं। पोर्ट्रेट कस्टमाइज साइज में आता है और कीमत आकार के अनुसार बदलता है। ए-4 24 कैरेट आयल पेंटिंग की कीमत 30,000/= रुपए है, जबकि बेसिक 18 कैरेट स्केच 2000 रुपए में है। प्रत्येक पोट्रेट को उसकी गुणवत्ता और उसी में प्रयुक्त सामग्री जैसे सोना, जेमस्टोन, आदि के सर्टिफिकेट के साथ दिया जाता है और इन पोर्ट्रेट को ए0- ए5 के आकार में बनाया जाता है।

आर्ट में बिना किसी फॉर्मल एजुकेशन के धनराज को आज भारत के पहले ऐसे कलाकार के रूप में जाना जाता है, जो दुनिया भर में 18 कैरेट और 24 कैरेट गोल्ड में आयल पोट्रेट बनाता है। इन्हें कई बॉलीवुड, हॉलीवुड, खेल हस्तियों और कई प्रमुख उद्योगपतियों और कॉरपोरेट्स द्वारा सराहा गया और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मानित किया गया है। धनराज के काम को विश्व की कई प्रमुख एग्जीबिशन जैसे टोक्यो इंटरनेशनल आर्ट फेयर आदि में प्रदर्शित किया गया है।

कलाकार बनने की इच्छा को पूरा करने में धनराज के परिवार ने भी उनकी मदद की। कोल्हापुर में रहते हुए उन्होंने यह कला एक राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार मोहनराव गणपतराव वडंगेकर से सीखी थी। उनके समर्पण और नए नजरिये को देखते हुए, मोहनराव धनराज को मुफ्त में कला की शिक्षा देने का फैसला किया। धनराज सागर शेलके कहते हैं, मुझे पोर्ट्रेट पर 24 कैरेट गोल्ड प्लेटिंग के साथ क्रिस्टल, मेटल्स, जेम्स, डायमंड आदि मिलाना पसंद है।


पुस्तक मेला

# दुर्गाप्रसाद अग्रवाल के निबंध संग्रह आधी आबादी के किस्से का लोकार्पण

हिंदी में सभी गद्य विधाओं में निबंध सबसे पुरानी और लोकप्रिय विधा है। भारतेंदु हरिश्चंद्र से हमारे समय तक निबंध लिखने और पढ़ने का उत्साह बना हुआ है। संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय, सरगुजा के कुलपति और हिंदी आचार्य प्रो अशोक सिंह ने उक्त विचार विश्व पुस्तक मेले में एक लोकार्पण समारोह में व्यक्त किए। प्रो सिंह जाने माने लेखक डॉ दुर्गाप्रसाद अग्रवाल के निबंध संग्रह आधी आबादी के किस्से का लोकार्पण कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नियमित निबंध लिखने का कौशल कम गद्य लेखकों में होता है और दुर्गाप्रसाद अग्रवाल जी ने जिस प्रतिबद्धता से निबंध लिखे हैं वह सचमुच अभिनन्दनीय है। लेखक सूरज प्रकाश ने कहा कि जिस सरल सहज भाषा मे अग्रवाल लिखते हैं वह किसी भी गद्य लेखक के लिए स्पृहणीय है। सूरज प्रकाश ने कहा कि सचेत का सद्य के बाद इस साल यह उनका दूसरा निबंध संग्रह आया है जो उनके लेखन की निरन्तरता का प्रमाण है। उपन्यासकार हरिराम मीणा ने कहा कि वे अग्रवाल की गद्य लेखन के प्रारंभिक पाठकों में से हैं और उनके निबंधों की एक विशेषता अपने समय के वास्तविक सवालों से टकराना है। मीणा ने कहा कि अग्रवाल जैसे लेखक अपने निबंधों में सामाजिक विषयों को जिस व्यापकता के साथ सम्बोधित करते हैं वह भी प्रेरणास्पद है। प्रसिद्ध पत्रकार और लेखक रामशरण जोशी ने कहा कि रोजमर्रा के विषयों पर लिखना किसी भी लेखक के लिए बड़ी चुनौती है और डॉ अग्रवाल ने इस चुनौती को कुशलता से निभाया है। भारतीय विदेश सेवा से सेवानिवृत्त राजीव सिंह,कवि राघवेन्द्र रावत, कथाकार ज्ञानचंद बागड़ी, कला समीक्षक ए एल दमामी, युवा उपन्यासकार नवीन चौधरी और सिनेमा विशेषज्ञ मिहिर पंड्या, लेखिका डा उषा गोयल, रश्मि भटनागर ने भी चर्चा में भागीदारी की।




# काशीनाथ सिंह की पुस्तक 'बातें हैं बातों का क्या' का लोकार्पण




सुप्रसिद्ध कथाकार काशीनाथ सिंह के साक्षात्कारों की नई पुस्तक बातें हैं बातों का क्या का लोकार्पण दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में हुआ। राजकमल प्रकाशन के जलसाघर में आयोजित समारोह में प्रसिद्ध इतिहासकार कृष्ण मोहन श्रीमाली, वरिष्ठ आलोचक वीरेंद्र यादव और माधव हाड़ा ने किताब का लोकार्पण किया। वीरेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि काशीनाथ सिंह हमारे समय और समाज की नब्ज़ पकड़ने वाले लेखक हैं जिनकी कृति काशी का अस्सी हिंदी की विख्यात कृतियों में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि काशीनाथ सिंह के साक्षात्कारों से उनके लेखक व्यक्तित्व को अधिक गहराई से देखने-समझने का अवसर मिलेगा। यादव ने संकलन के सुन्दर प्रस्तुतीकरण के लिए राजकमल प्रकाशन को बधाई देते हुए कहा कि बनारस के जीवन को जिस समग्रता में काशीनाथ सिंह ने लिखा है वैसा कार्य हिंदी में दुर्लभ है। प्रो माधव हाड़ा ने कहा कि काशीनाथ सिंह का व्यक्तित्व आत्मीयता से भरा हुआ है और उनका लेखन भूमंडलीकरण के बाद बन रहे भारतीय समाज की प्रमाणिकता से पड़ताल करता है। हाड़ा ने काशीनाथ सिंह की भाषा की प्रशंसा करते हुए कहा कि काशीनाथ सिंह मूलतः सम्वादी हैं और उनका असम्वादी व्यक्तित्व उनके लेखन को सहज बनाता है। पुस्तक के संपादक पल्लव ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि हिंदी के शीर्ष कथाकार के साक्षात्कारों को उन्हें एक जगह प्रस्तुत करने का अवसर मिला। उन्होंने इस पुस्तक को कथेतर विधाओं के महत्व का प्रमाण बताते हुए खा कि इन साक्षात्कारों से हमारे समकालीन समाज और साहित्य को देखने-समझने का भी रास्ता मिलता है।

# 'वैदहि ओखद जाणे : मीरां और पश्चिमी ज्ञान मीमांसा' का लोकार्पण




सुप्रसिद्ध आलोचक और मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो माधव हाड़ा की नयी पुस्तक वैदहि ओखद जाणे : मीरां और पश्चिमी ज्ञान मीमांसा का लोकार्पण दिल्ली में चल रहे विश्व पुस्तक मेले में हुआ। राजकमल प्रकाशन के जलसाघर में आयोजित लोकार्पण सत्र में बनास जन के संपादक पल्लव ने लेखक हाड़ा से पुस्तक पर संवाद किया। संवाद में माधव हाड़ा ने कहा कि यूरोपियन शोध में अभी तक मीरां के जीवन और कवि कर्म के बारे सम्यक विवेचन का अभाव है जिसका कारण मीरां की अपनी सांस्कृतिक पारिस्थिकी से अलग पश्चिम के मानदंडों पर मूल्यांकन करना है। इस पुस्तक में पश्चिमी विद्वता के सांस्कृतिक मानकों पर मीरां के मूल्यांकन को समझने-परखने के प्रयासों की पड़ताल की गई है।

आर्ट एंड कल्चर

# 'रेसिलियंस' : महिलाओं के प्रेरक परिवर्तन की जीवंत कहानियां




वैश्विक स्तर पर कला, सामाजिक और संस्कृति के सर्वांगीण विकास में अहम भागीदारी निभाने वाली सशक्त महिलाओं के संकल्प को दर्शाने वाली फोटो प्रदर्शनी 'रेसिलियंस' का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर महिलाओं के प्रेरक परिवर्तन की कहानियों को फोटो के माध्यम से दर्शाने वाली इस 21 दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन वर्ल्ड प्रेस फाउंडेशन के सहयोग से नीदरलैंड दूतावास ने किया।

'रेसिलियंस'-वैश्विक स्तर पर सफल महिलाओं के प्रेरक प्रसंग' नामक इस विशेष प्रदर्शनी में विश्व फोटो प्रतियोगिता में 2000 से 2021 तक चयनित उन फोटोग्राफ्स को शामिल किया गया है जिसमें महिला सशक्तिकरण की बेजोड़ झलक दिखाई देती है। फोटो के जरिए उन महिला की जीवन संघर्ष को दर्शाया गया है जिन्होंने अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और दूसरों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अथक परिश्रम किया।


इंडिया हैबिटेट सेंटर में नीदरलैंड के मानवाधिकार राजदूत डॉ. बाहिया तहज़ीब-ली ने भारत की विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी और भारत में नीदरलैंड के राजदूत श्री मार्टन वैन डेन बर्ग की उपस्थिति में फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कला और सांस्कृतिक क्षेत्र के प्रतिनिधिगण एवं एनजीओ क्षेत्र से जुड़ी अनेक हस्तियां भी इस अवसर पर उपस्थित रही।

नीदरलैंड के मानवाधिकारों के राजदूत डॉ. बाहिया तहज़ीब-ली ने कहा, हम इन उल्लेखनीय बहादुर महिलाओं के संघर्ष और ताकत के प्रदर्शन को साझा करने के लिए रोमांचित हैं। उनकी व्यक्तिगत और प्रभावशाली कहानियां हम सभी के लिए प्रेरक हैं एवं उस शक्ति का स्मरण कराती है जिसकी हम सभी को अपेक्षाएं है। हमें अपने कार्यशली से दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाना है।

पुस्तक मेला

# मैला आंचल की याद दिलाती है नदी सिंदूरी : अभय कुमार दुबे

जब घटनाएं और गतिविधियां चरित्रों की तरह दिखाई देने लगे तब वह रचना साधारण नहीं रह जाती। शिरीष खरे की सद्य प्रकाशित पुस्तक नदी सिंदूरी का लोकार्पण करते हुए विख्यात समाज वैज्ञानिक और लेखक प्रो अभय कुमार दुबे ने कहा कि खरे की किताब अपने विवरणों में रेणु के मैला आँचल की याद दिलाती है। प्रो दुबे ने विश्व पुस्तक मेला प्रांगण में राजपाल एण्ड सन्ज़ द्वारा आयोजित लोकार्पण समारोह में कहा कि इस किताब में रामलीला भी एक चरित्र के रूप में अंकित हुई है। उन्होंने किताब में आए अनेक पात्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि गैर आदिवासी गांव में एक गोंड महिला का सरपंच बने रहना और लोगों का आपसी सौहार्द्र इस किताब को पठनीय बनाता है। प्रो दुबे ने किताब के एक अध्याय में आई कल्लो गाय के वर्णन की प्रशंसा करते हुए कहा कि खरे की किताब व्यतीत जीवन के समृद्ध पक्षों का हृदयस्पर्शी चित्रण करती है।



समारोह में युवा आलोचक पल्लव ने नदी सिंदूरी को कथाकृति से अधिक कथेतर की किताब बताया। उन्होंने कहा कि पात्रों की आवाजाही और टूटते रूपबंध इसे भिन्न किस्म की विधा ठहराते हैं। पल्लव ने खरे के लेखन में साधारण की प्रतिष्ठा को इधर की विशेष घटना बताया।

राजपाल एण्ड सन्ज़ की निदेशक मीरा जौहरी ने कहा कि उनके प्रकाशन से खरे की पहली किताब एक देश बारह दुनिया के भी तीन संस्करण आ चुके हैं। अपनी रचना प्रक्रिया पर बोलते हुए खरे ने कहा कि नर्मदा की सहायक सिंदूरी नदी की इन कहानियों में नदी न सिर्फ गांव का भूगोल बनाती है बल्कि समुदाय को भी रचती हैं, जिसमें लोकरीति, लोकनीति,किस्से और कहावतों का ताना-बाना है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अशोक कुमार द्वारा राज तरूण आफसेट, एलजीएफ 5-14, अंसल सिटी सेंटर, निकट यूपी प्रेस क्लब, हजरतगंज, लखनऊ से मुद्रित तथा ग्राम भुसना, पोस्ट भुसना, तहसील महमूदाबाद जनपद सीतापुर (उ0प्र0) से प्रकाशित। **सम्पादक : अशोक कुमार (मो. 9651086162) उप सम्पादक : प्रमोद कुमार शुक्ल (मो. 9450497420)**। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न सभी विवाद सीतापुर न्यायालय के आधीन होंगे।